

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

पेज 7



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 107 | ग्वालियर शनिवार, 28 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### महाराष्ट्र में 34 सीट नहीं, शिवसेना गठबंधन., लोकसभा चुनाव को लेकर उद्धव ठाकरे का बड़ा दावा




देश में अगला लोकसभा चुनाव 2024 में है लेकिन बीजेपी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना समेत सभी दलों ने तैयारी तेज कर दी है. आए दिन बिहार के सीएम नीतीश कुमार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर सहित कई नेता विपक्षी एकजुटता की कोशिश कर रहे है. इस बीच इंडिया टुडे के लिए किए गए सी-वोटर के सर्वे पर पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने जवाब दिया है. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सी-वोटर के सर्वे पर कहा कि अनुमान सही नहीं है. उन्होंने कहा, सर्वे में दावा किया गया कि महाविकास अघाड़ी (उद्धव गुट, एनसीपी और कांग्रेस) को राज्य की 48 लोकसभा सीटों में 34 सीटें मिलेगी लेकिन मुझे विश्वास है कि हम 40 सीट जीतेंगे. उन्होंने यह जवाब मुंबई में तब दिया जब बीजेपी से इस्तीफा देकर अद्वय हिरे पाटिल उद्धव गुट की शिवसेना में शामिल हो गए.सी-वोटर के सर्वे के मुताबिक, अभी अगर लोकसभा चुनाव होते हैं तो यूपीए (कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी) यानी एमवीए को 34 सीटें मिल सकती हैं. कुल वोटिंग का 48 फीसदी शेयर यूपीए के खाते में जा सकता है. सर्वे के मुताबिक, परिणाम ऐसा रहा तो यह बीजेपी और शिंदे गुट के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है क्योंकि एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे से अलग होकर बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बना ली थी.

### अबॉर्शन की मंजूरी न देना महिला को सम्मान से जीने के हक से दूर करने जैसा




दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में 14 साल की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए उसे 25 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति दे दी. न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने यह फैसला मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद लिया. कोर्ट ने नाबालिग के अबॉर्शन के लिए उसे शुक्रवार को राम मनोहर लोहिया अस्पताल के अथॉरिटी के सामने उपस्थित होने के लिए कहा है.जज स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की धारा 3(बी) का हवाला देते हुए कहा, यौन उत्पीड़न के मामले में किसी भी महिला को गर्भपात के अधिकार से वंचित नहीं रखा जा सकता. महिला पर मां बनने की जिम्मेदारी थोपना उसे सम्मान के साथ जीने के मानव अधिकार से दूर रखना होगा.

**क्या है मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की धारा 3**–इस एक्ट में उन महिलाओं का जिक्र किया गया है, जो 24 हफ्ते तक गर्भवती होने के बाद गर्भपात करने की योग्य हैं. इस नियम में बताया गया कि यौन हमले या रेप या अनाचार की शिकार महिलाएं अबॉर्शन करा सकती हैं. इसके अलावा नाबालिग के प्रेग्नेंट होने या गर्भावस्था के दौरान मैरिटल स्टेटस बदलने पर इस नियम के तहत गर्भपात हो सकता है. इसके अलावा शारीरिक तौर पर विकलांग महिला भी अबॉर्शन करवा सकती हैं. हालांकि दिव्यांगता के लिए भी कुछ शर्तें हैं. जैसे जो प्रेग्नेंट महिला मानसिक तौर पर बीमार हैं वो अबॉर्शन करा सकती हैं. इसके अलावा जन्म लेने वाले बच्चे पर शारीरिक या मानसिक तौर पर गंभीर रूप से दिव्यांग होने का जोखिम हो तो अबॉर्शन करवाया जा सकता है.

**क्या है मामला** –पीड़िता की मां की तरफ से दायर किए गए याचिका के अनुसार मामला साल 2022 के सितंबर का है. याचिकाकर्ता की बेटी और 14 साल की नाबालिग के साथ आरोपी ने रेप किया गया. पहले तो नाबालिग ने डर के कारण इस बारे में घर में किसी को नहीं बताया, लेकिन जब कुछ महीनों बाद उसके शरीर में बदलाव होने लगे तो उसने अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी. जिसके बाद मामला दर्ज किया गया. कोर्ट को बताया गया कि पड़िता का परिवार गरीब है. उनके परिवार के सदस्य मजदूरी का काम करते हैं तो वहीं उसकी मां घर का काम करती है.

**गर्भ गिराने का खर्च वहन करेगी सरकार**–अबॉर्शन का फैसला सुनाने के साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि सरकार नाबालिग के गर्भ गिराने के सभी खर्च उठाएगी. अगर अबॉर्शन के मेडिकल प्रोसेस के प्रयासों के बाद भी बच्चा जीवित पैदा होता है, तो डॉक्टर इस बात का ख्याल रखेंगे कि जन्म लेने वाला बच्चा एक स्वस्थ बच्चे के रूप में विकसित हो सके.सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, %मां बनने के लिए तैयार हैं या नहीं इसका अधिकार महिला को मिलना चाहिए है. कोर्ट ने ये भी कहा ये यौन उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति के बच्चे को जन्म देने के लिए पीड़िता को मजबूर करना बेहद दुखद होगा.

**नाबालिग को पढ़ाया जाएगा**–जज शर्मा ने संबंधित एसएचओ को यह भी निर्देश दिया कि अबॉर्शन और नाबालिक के स्वस्थ्य हो जाने के बाद उसे सरकारी स्कूल में भर्ती कराया जाएजज ने कहा, ÷सचिव, डीएसएलएसए से यह भी अनुरोध किया जाता है कि जब वे कानूनी अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए दिल्ली में सराहनीय काम कर रहे हैं, तो उन्हें एक ऐसी योजना भा तैयार करनी चाहिए, जहां ऐसे पीड़ितों को सलाह दी जा सके. उनके शिक्षा और सहायता के अधिकार के बारे में सूचित किया जाता है.2022 के सितंबर महीने में 25 साल की एक अविवाहित महिला ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. उनका कहना था कि वह 23 सप्ताह 5 दिन की गर्भवती है और उसने इसे समाप्त करने की मांग की थी. महिला ने अबॉर्शन की मांग करते हुए तर्क दिया कि वो इसलिए बच्चे को जन्म नहीं दे सकती है क्योंकि अब उसकी शादी नहीं हुई और वह अविवाहित है. उसने कहा कि उसके साथी ने भी शादी करने से इनकार कर दिया है. हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट ने उसे अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया. कोर्ट का कहना था कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी रूल्स 2003 में अविवाहित महिला सहमति से उत्पन्न गर्भ को समाप्त कर सकती है या नहीं इसके बारे में कुछ नहीं बताया गया है. इसके बाद महिला ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया. सुप्रीम कोर्ट ने 21 जुलाई 2022 को एक अंतरिम आदेश में महिला को एम्स के मेडिकल बोर्ड की निगरानी में अबॉर्शन करवाने की इजाजत दे दी

# भारत जोड़ो यात्रा में सुरक्षा चूक के आरोपों पर जम्मू-कश्मीर पुलिस की पहली प्रतिक्रिया

जम्मू कश्मीर पुलिस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक के आरोपों पर पहली प्रतिक्रिया दी है. पुलिस ने शुक्रवार (27 जनवरी) को कहा कि यात्रा के मार्ग की ओर केवल आयोजकों की ओर से अधिकृत व्यक्तियों और तलाशी लेने के बाद लोगों को अंदर जाने की अनुमति दी गई थी. यात्रा के आयोजकों और प्रबंधकों ने बनिहाल से यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की बड़ी भीड़ के बारे में सूचित नहीं किया, जो शुरुआती बिंदु के पास ही उमड़ पड़ी थी. पुलिस ने आगे कहा कि सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए थे. सीएपीएफ की 15 कंपनियों और जेकेपी की 10 कंपनियों सहित आरओपी और क्यूआरटी, रूट डोमिनेशन, लेटरल डिप्लॉयमेंट और एसएफ को तैनात किया गया था.

**जम्मू कश्मीर पुलिस से परामर्श नहीं किया**–जम्मू कश्मीर पुलिस ने कहा कि आयोजकों की ओर से 1 किमी की यात्रा करने के बाद यात्रा को बंद करने पर कोई निर्णय लेने से पहले जम्मू कश्मीर पुलिस से कोई राय नहीं ली गई थी. बाकी यात्रा शांतिपूर्वक जारी रही. सुरक्षा में जरा भी चूक नहीं हुई. हम फुलप्रूफ सुरक्षा मुहैया कराएंगे.




**राहुल गांधी ने क्या कहा**–इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में यात्रा के दौरान पुलिस का इंतजाम ध्वस्त हो गया था. जिसके बाद अपने सुरक्षाकर्मियों की सलाह पर उन्होंने आज की यात्रा रद्द कर दी. ये यात्रा काजीगुंड के पास अस्थाई रूप से रोकी गई थी. उन्होंने कहा कि अगले दो दिन इस यात्रा और इससे जुड़े कार्यक्रमों में ऐसा नहीं होना चाहिए. राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा के लिए सुबह से ही लोग जमा हुए थे और हम यात्रा करने के लिए उत्सुक थे. यात्रा के दौरान सुरक्षा घेरे के पास रहने वाले पुलिसकर्मी चले गए या दिखे नहीं. दुर्भाग्यपूर्ण है कि पुलिस का इंतजाम पूरी तरह से ध्वस्त हो गया. मेरी सुरक्षा से जुड़े लोग इससे असहज हो गए थे और उन्होंने कहा कि मैं आगे यात्रा ना करूं. इसलिए मुझे अपनी यात्रा आज रद्द करनी पड़ी. हालांकि दूसरे लोगों ने पदयात्रा की.

**श्रीनगर में होगा यात्रा का समापन** –पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि वे अपनी पदयात्रा जारी रखेंगे. बता दें कि, भारत जोड़ो यात्रा बीते साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और इसका समापन 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीरके श्रीनगर में होगा.

## चीनी सीमा पर रख रहे हैं पैनी नजर, हर चुनौती के लिए तैयार, बोली सेना

भारत-चीन सीमा तनाव पर जीओसी-इन-सी पूर्वी कमान आरपी कलिताने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने शुक्रवार (27 जनवरी) को कहा कि एलएसी के बारे में दोनों देशों की अलग-अलग धारणाएं हैं जो भिड़त की ओर ले जाती हैं. हालांकि, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में स्थिति अब सामान्य है, लेकिन सीमाओं के परिसीमन की अनुपस्थिति के कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता. आरपी कलिता ने कहा कि भारत लगातार सीमा पार होने वाली गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और हम किसी भी तरह की उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार हैं. भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में चीनी सैनिकों की वृद्धि पर जीओसी-इन-सी पूर्वी कमान आरपी कलिता हमने पढ़ा है कि धीरे-धीरे हमारे क्षेत्रों के विपरीत सैनिकों की तैनाती में वृद्धि हुई है, साथ ही पीएलए की ओर से नीचे की सीमाओं पर बुनियादी ढांचे किए जा रहे हैं. इन इलाकों में तैनात (चीनी) सैनिकों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है, लेकिन हम इन क्षेत्रों में लगातार और बारीकी से घटनाक्रम की निगरानी कर रहे हैं.

**÷हमारी यूनिट्स समर्पण के साथ काम कर रही**–उन्होंने कहा कि बीते साल रूस-यूक्रेन युद्ध से सुरक्षा और आर्थिक गिरावट के रूप में भू-राजनीतिक गतिशीलता में गहरा परिवर्तन देखा गया, धीरे-धीरे भारत-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति केंद्र का स्थानांतरण हुआ जिसने हमारे पड़ोस में अचानक महत्वपूर्ण विकास देखा. पूर्वी सेना पूर्वी सीमाओं पर क्षेत्रीय अखंडता को




बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है और हमारी यूनिट्स समर्पण के साथ काम कर रही हैं. हम लगातार विकसित हो रहे हैं और आने वाली परिचालन चुनौतियों से अवगत हैं.

**राष्ट्र सशस्त्र बलों पर भरोसा करता ह**–जीओसी-इन-सी पूर्वी कमान आरपी कलिता ने विपक्षी दलों की ओर से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे जाने पर कहा कि ये एक राजनीतिक प्रश्न है. इसलिए मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा. मुझे लगता है कि राष्ट्र भारतीय सशस्त्र बलों पर भरोसा करता है.

### दिल्ली यूनिवर्सिटी में बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर बवाल, कई छात्र लिए हिरासत में, धारा 144 लागू

**दिल्ली विश्वविद्यालय में फिर हंगामा शुरू**–दिल्ली विश्वविद्यालय में कला संकाय के बाहर एक ताजा हंगामा शुरू हो गया क्योंकि पुलिस ने भीम आर्मी के छात्रसंघ के कुछ सदस्यों को हिरासत में ले लिया. फैकल्टी के बाहर धारा 144 सीआरपीसी लगाई गई. एनएसयूआई-केएसयू ने फैकल्टी में पीएम मोदी पर बीबीसी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग का आह्वान किया है.

**पुलिस का बयान**–दिल्ली विश्वविद्यालय में कला संकाय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हस्ढ्ढ के छात्रों और सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में लिया. रश्मि शर्मा,ष्ठष्टक्कउत्तर दिल्ली ने कहा कि जो चीज़ सार्वजनिक व्यवस्था और शांति व्यवस्था को खराब करती है वहां हमें निवारक कार्रवाई करनी पड़ती है. ये सिर्फ निवारक कार्रवाई है.

**दिल्ली यूनिवर्सिटी में छात्रों को हिरासत में लिया**–दिल्ली यूनिवर्सिटी के नार्थ कैंपस के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स पर प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया गया है. प्रशासन ने धारा 144 लगाई है.

## यूनिवर्सिटी में पीएम मोदी पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को लेकर बवाल? में हिरासत में लिए गए



बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री इंडिया॰ द मोदी क्वेश्चन को लेकर छिड़ा विवाद देश की यूनिवर्सिटीज तक पहुंच गया है. जेएनयू, जामिया समेत कई यूनिवर्सिटीज में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर बवाल हो रहा है. ये डॉक्यूमेंट्री साल 2002 के गुजरात दंगों पर आधारित है जब नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे. इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर ताजा विवाद दिल्ली यूनिवर्सिटी और कोलकाता की प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी में हो रहा है.कोलकाता की प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी ने डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की अनुमति देने से इनकार कर दिया है. यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कहा है कि वे दिशानिर्देशों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे. वहीं एसएफआई का कहना है कि वे कॉमन रूम में स्क्रीनिंग करेंगे. स्क्रीनिंग के दौरान वहां बिजली चली गई और प्रोजेक्टर ऑफ हो गया. बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय में भी विवाद हो रहा है. प्रशासन ने धारा 144 लगाई है. कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने गुजरात दंगे पर बनी डॉक्यूमेंट्री आज शाम डीयू में दिखाने का एलान किया है. आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं तो वहीं, प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया गया है.दिल्ली यूनिवर्सिटी के नार्थ कैंपस के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स पर प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया गया है. दिल्ली विश्वविद्यालय के आधिकारिक बयान में कहा गया है, डॉक्यूमेंट्री को केंद्र सरकार की तरफ से बैन किया गया है. डॉक्यूमेंट्री के लिए कोई इजाजत नहीं ली गई है. कैंपस में इसकी इजाजत बिल्कुल नहीं होगी. प्रशासन की तरफ से सारी तैयारियां कर ली गई हैं

## विदेशी शराब ज्यादा पी रहे लोग, 2022 में टूट गए रिकॉर्ड

कोरोना से उबरने के बाद शराब के व्यापार में जबरदस्त इजाफा हुआ है. इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में शराब की बिक्री 2021 की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 388 मिलियन मामलों में चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई. रिपोर्ट के अनुसार, लोग विदेशी शराब ज्यादा पी रहे हैं. रम, जिन, वोदका, व्हिस्की और ब्रांडी जैसे सभी प्रमुख ब्रांड की शराब और वाइन की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है.कोरोनाकाल में शराब की बिक्री तो जारी रही लेकिन प्रीमियम शराब की बिक्री में कमी आई थी. अब व्यापार में सुधार हुआ है. कंफेडरेशन ऑफ इंडियन अल्कोहलिक बीवरेज कंपनीज के अध्यक्ष विनोद गिरी के हवाले से इकोनॉमिक टाइम्स ने कहा कि प्रीमियम शराब की मांग बढ़ने के पीछे लोगों की आमदनी का बढ़ना रहा है.पहले इन कारणों से होता था नुकसानविनोद गिरी ने कहा, ÷भारत में कभी भी मांग की दृष्टि से कोई मुद्दा नहीं रहा लेकिन अतीत में या तो आपूर्ति के मुद्दों, टैक्स में बदलाव या रूट-टू-मार्केट मॉडल के कारण नुकसान उठाना पड़ा है.÷ उन्होंने आगे कहा, ÷2022 में हमने सप्लाई साइड में कोई बड़ा व्यवधान नहीं देखा, जिससे बिक्री में तेजी आई

### कर्नाटक का रवैया दुर्योधन जैसाआखिर क्यों बोले गोवा के बीजेपी नेता?

गोवा के पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता दयानंद मांडरेकर ने शुक्रवार को महादयी नदी विवाद पर कर्नाटक सरकार के रवैये की तुलना महाभारत के दुर्योधन के रवैये से कर दी. दरअसल, गोवा के पूर्व जल संसाधन मंत्री मांडरेकर महादयी के पानी को मोड़े जाने के मुद्दे पर पार्टी के पूर्व विधायकों की सभा को संबोधित कर रहे थे. इस सभा में गोवा विधानसभा के अध्यक्ष रमेश तावडकर भी मौजूद थे.पीटीआई की खबर के मुताबिक, मंत्री दयानंद मांडरेकर ने इस सभा में कहा, ÷गोवा और कर्नाटक पड़ोसी राज्य हैं. हमारे गांव में, हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बना कर रखते हैं क्योंकि हम अच्छे और बुरे समय में उन पर भरोसा करते हैं.÷ मांडरेकर 2012-2017 के बीच मनोहर पर्रिकर के नेतृत्व वाली कैबिनेट में मंत्री रहे हैं.

## 10 लाख का जुर्माना, 55 यात्रियों के बिना ही उड़ गया था विमान

नागर विमानन महानिदेशालय (ष्ठत्रष्ट) नेपर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. 9 जनवरी को बेंगलुरु-दिल्ली की फ्लाइट में गो एयर का विमान 55 यात्रियों को बेंगलुरु में ही छोड़कर दिल्ली के लिए उड़ गया था. विमानन कंपनी की जांच में पता चला है कि त्रश्व/द्बह्म् के कम्युनिकेशन में दिक्कत थी. अब ष्ठत्रष्ट ने त्रश्व/द्बह्म् पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. बता दें कि हाल ही में पेशाब विवाद पर एयर इंडिया पर ष्ठत्रष्ट ने 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था.विमान कंपनी गो एयर की उस समय बड़ी लापरवाही सामने आई, जब गो एयर की त्र8-116 बेंगलुरु-दिल्ली फ्लाइट 55 पैसेंजर्स को बिना लिए रवाना हो गई. विमान में यात्रा करने वाले 55 यात्रियों ने चेक इन और बोर्डिंग पास




ले लिया था. पर फ्लाइट बेंगलुरु से 55 पैसेंजर्स को बिना लिए उड़ गई. गो एयर इस मामले में अपनी इंटरनल जांच की, जिसमें सामने आया कि कम्युनिकेशन में दिक्कत थी.

**गो एयर यात्रियों को मैनेज नहीं कर पाया**– डीजीसीए ने पूरे मामले में गो एयर की गलती मानी. डीजीसीए कहा, 9 जनवरी को एक घटना सामने आई कि बैंगलोर-दिल्ली रूट पर गो फर्स्ट की फ्लाइट त्र8-116, बैंगलोर हवाई अड्डे पर ही 55 यात्रियों को छोड़कर चली गई. इस लापरवाही के लिए चीफ ऑपरेशन मैनेजर को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है और उनसे जवाब मांगा गया है कि उनके ऊपर एक्शन क्यूं ना लिया जाए? डीजीसीए ने अपनी प्राथमिक जांच में पाया की गो एयर यात्रियों को सही से मैनेज नहीं कर पाया.

# 'सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो है तो जारी करो', कांग्रेस नेता राशिद अल्वी के बयान पर बीजेपी का निशाना

भारतीय सेना ने पाकिस्तान में जो सर्जिकल स्ट्राइक की थी उसे लेकर अब भी सबूत मांगे जा रहे हैं. हाल ही में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने जम्मू-कश्मीर में %भारत जोड़ो यात्रा% के दौरान सबूत मांगे थे तो अब पार्टी के दूसरे नेता राशिद अल्वी ने कहा है कि अगर सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो है तो जारी किया जाए. इसे लेकर बीजेपी ने उनके इस्तीफे की मांग की हैइंडिया टुडे की खबर के मुताबिक, राशिद अल्वी ने कहा, ÷हमें अपने सुरक्षाबलों पर पूरा भरोसा है लेकिन बीजेपी सरकार पर भरोसा नहीं कर सकते हैं. सरकार कहती है कि सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो है. ..तो इसमें क्या गलत है कि दिग्विजय सिंह इस वीडियो को दिखाने की मांग कर रहे हैं. हम सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत नहीं मांग रहे लेकिन सरकार को वो वीडियो दिखाना चाहिए, जिसके बारे में वो दावा करती है.÷



**'बीजेपी सरकार की मंशा पर शक'**–उन्होंने आगे कहा, ÷मैं सर्जिकल स्ट्राइक की विश्वसनीयता पर सवाल नहीं उठा रहा हूं. मैं सत्ता में बैठे लोगों के विरोधाभासी दावों पर सवाल उठा रहा हूं. अमित शाह ने अलग नंबरों का दावा किया है जबकि योगी आदित्यनाथ ने सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में अलग दावे किए हैं.÷ उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के मन में सेना के लिए सम्मान है.

**राहुल गांधी ने दिग्विजय सिंह के बयान को किया खारिज**–जब राशिद अल्वी से पूछा गया कि राहुल गांधी ने दिग्विजय सिंह के बयान को खारिज कर दिया है तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भी यही कहा है कि हमें सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत की जरूरत नहीं है. यहां तक कि दिग्विजय सिंह भी उनसे सहमत नहीं होंगे. सवाल यह है कि बीजेपी नेताओं के किस बयान पर भरोसा किया जाए.

# समाजसेवी श्याम ठाकुर ने किया एस डी एम सेवढा का सम्मान



पुष्पांजली टुडे

**सेवढा।।** हमारे नगर में ऐसे अधिकारी भी है जो अच्छी सोच के साथ ऊर्जावान प्रतिभागियों का समय समय पर उनका उत्साह वर्धन करते हैं जिसके चलते ह्यस्त्रद्ध अनुराग निंगवाल हर दिल अजीज इंसान लोगों की नजरों में बनते जा रहे हैं जो अपने कार्यों के साथ-साथ नगर के विकास को लेकर एवं युवाओं को प्रोत्साहन करने के लिए समय-समय पर उनका सम्मान करते हैं ऐसे व्यक्ति का सम्मान करना हमारा भी कर्तव्य बनता है उक्त बात समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अनुराग निंगवाल का सम्मान करते हुए उनके बारे में अल्प शब्दों में ही गागर में सागर भरने का काम किया इस मौके पर मुख्य रूप से एसडीएम का शॉल श्रीफल भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उक्त सम्मान दिया गया साथ में उपस्थित जन राहुल चौरसिया जॉनी मूर्तिकार बबलू चौरसिया सुनील गुप्ता रामसिया जाटव आदि उपस्थित रहे

# 20 साल से फरार रहे वारंटी किया गिरफ्तार

**मालनपुर संवाददाता पुष्पांजली टुडे**

मालनपुर भिंड पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान जिले में स्थानीय वारंटी ओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में अति पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के मार्गदर्शन में गोहद एस डी ओ पी सौरव कुमार के मार्गदर्शन थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव ने 20 साल से फरार चल रहे स्थानीय वारंटी वेदरी सिंह पुत्र सुकून सिंह चौहान निवासी पहाड़िया जो 20 साल पूर्व मालनपुर में अपराध कर फरार हो गया था तभी से कुबेरनगर नगर मोगरो रोड़ गांधीनगर गुजरात में रहने लगा था थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव ने इस को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गठित की और थाना मालनपुर अपराध क्रमांक 3/ 2003 से अपराधी वेदर सिंह पकड़ने में सफलता मिली है जिसमे सहरनीय भूमिका रही उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला आरक्षक जगराम सिंह भदोरिया, आरक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार , की सराहनीय भूमिका रही

# श्रीमद् भागवत और रामकथा हमारी भारतीय संस्कृति की मुख्य पहचान : नरेंद्र सिंह कुशवाह

## पूर्व विधायक श्री कुशवाह ने सगरा धाम के लिए ? 61000 की राशि श्रीमद् भागवत कथा में दान की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत भिंड विधानसभा क्षेत्र के कई धार्मिक अनुष्ठान एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर शामिल हुए वही ग्राम सगरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर कथा श्रवण का पुण्यलाभ प्राप्त किया और व्यास पीठ पर विराजमान पूजनीय कथावाचक जी से आशीर्वाद ग्रहण किया और आरती की। उन्होंने सगरा धाम के लिए ? 61000 की राशि दान की।पूर्व विधायक श्री कुशवाह ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत और रामकथा हमारे धर्म और शास्त्रों को जीवंत रखती है। उन्होंने संबोधित करते हुए।उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम एक राजा ही रह जाते अगर वह अपने जीवन में दो कार्य नहीं करते। इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि राम ने अपने पिता दशरथ और माता कैकई की बात बिना झिझक के स्वीकार कर खुशी-खुशी 14 साल के वनवास चले गए जिससे उसी दिन वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम बन गए। भाजपा सांसद ने कहा श्रीराम ने 14 साल के वनवास के दौरान बहुत सारे लोगों की मदद की जिससे उनकी प्रभुता बन गई और वे भगवान बन गए। ऐसे ही तो भगवान बनते हैं। उन्होंने कहा हमारे बहुत से नौजवान हैं जिन्हें हम पहचानते नहीं लेकिन वे अपने मां-बाप का



कहना मानकर गरीबों और हर जीव की मदद करते हैं जिससे उनमें भी तो प्रभुता आ जाती है। जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया।पूर्व विधायक श्री कुशवाह ने कहा कि हम सब अपनी पुरानी संस्कृति को श्रीमद् भागवत कथा और राम कथा एवं भगवान राम और कृष्ण की बाल लीलाएं के बारे में उनके विचार और सिद्धांतों को समझाने का कार्य हमारे व्यास वाचक जी द्वारा किया जा रहा है इन्हें हम अपने अध्यात्मिक और सनातन धर्म को मजबूत करते हुए हिंदुत्व की धारा को मजबूत करने के लिए आगे आए और यही कथा का संदेश है।पूर्व विधायक श्री कुशवाह ने बालाजी सरकार की बागेश्वर धाम के महंत प्रख्यात भागवत आचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी द्वारा जो आध्यात्मिकता का संदेश हिंदू राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे हैं इससे हमारी भावनाएं और अधिक मजबूत हो रही हैं कुछ स्वार्थी तत्व उनका विरोध कर हमारे इस भारतीय संस्कृति को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। जिन्होंने दंदरौआ धाम मैं आकर आप लोगों की जन तकलीफों को दूर करते हुए अपने दिव्य है दरबार के माध्यम अंधविश्वास नहीं विश्वास के साथदूर करते हुए लोगों की मदद की और उससे कई लोगों का फायदा भी हुआ है और उन पर बालाजी सरकार की अति कृपा है और विरोधियों को इस प्रकार की बातें नहीं करना चाहिए और श्रीमद् भागवत कथा श्री राम कथा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है इसका एक एक कर जो व्यास जी द्वारा हमें रामचरितमानस से लेकर क्यों महाभारत तक की कथा का वर्णन कर आते हैं इसका हमें पालन करना चाहिए अपने जीवन में एक-एक कर उतार कर अपने अध्यात्मिक शक्ति को आगे बढ़ाने का काम करें मैं उनके समर्थन में उनको सादर प्रणाम करता हूं। पूर्व विधायक श्री कुशवाह ग्राम सगरा में ग्रामीण जनों द्वारा पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए उनका अभिवादन किया और महाराज जी से पूर्ण आशीर्वाद लेते हुए समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया।

# शासकीय प्राथमिक शाला कलपाथरी में मनाया गया गणतंत्र दिवस, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

भारतीय गणतंत्र दिवस की 74 वी वर्षगांठ जिले की लांजी तहसील अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कलपाथरी में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातः 7-30 बजे संस्था के प्रधान पाठक गजेंद्र बिसेन के द्वारा ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात छात्र-छात्राओं एवं पंचायत के प्रतिनिधि और ग्रामीणों के द्वारा प्रभात फेरी एंव रैली निकालकर गणतंत्र दिवस के नारे लगाते हुए ग्राम का भ्रमण किया गया। प्रातः 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र खेरे की अध्यक्षता एवं लिकेश एडे सरपंच के मुख्य आतिथ्य एवं एन एल रहंगडाले सेवानिवृत्त शिक्षक के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जहां छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत ,नृत्य ,एवं नाटक प्रस्तुत किया जिसकी उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहना की।

**ग्राम पंचायत ने किया गांव की प्रतिभाओं को सम्मानित**-गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कलपाथरी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के द्वारा सत्र 2022 में शासकीय सेवा में चयनित युवाओं का सरपंच श्री लिकेश एडे के हस्ते शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें अभिषेक पिता डॉक्टर रामप्रसाद एडे को सीए बनने पर,अनिल उईके पिता श्री छोटेलाल उईके का सेना में चयन होने पर, ओमप्रकाश पिता चमरूलाल बिसेन का पुलिस विभाग में एवं दीपक खेरे पिता रमेश खेरे का पुलिस सेवा में चयन होने पर इन्हें प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा 12वीं में कुमारी अलका पूरनलाल बिसेन प्रथम, सोनल शंकरलाल राहंगडाले द्वितीय, ज्योति गोरेलाल तृतीय, कक्षा दसवीं में वंश गणेश कोहरे प्रथम, प्रणाली सोमेश्वर एड़े द्वितीय, हिमांशु ईश्वर बंसोड़ तृतीय, कक्षा आठवीं में सोहा नितिन धनोले प्रथम ,आशु रमेश एडे द्वितीय, एवं शशिकिरण देवेंद्र खेरे तृतीय, कक्षा पांचवी में पल्लवी प्रकाश बारमाटे प्रथम, श्रीयशी राकेश चौधरी द्वितीय, वैदेही किशोर बिसेन तृतीय स्थान प्राप्त करने पर इन सभी मेधावी छात्र-छात्राओं का शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।पूरे कार्यक्रम के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला से शिक्षक ईश्वर बंसोड, श्रीमती तरुणा चौहान, श्रीमती नीतू भोंडेकर पंचायत सचिव श्रीमती सृष्टि राहंगडाले, ग्राम पंचायत के पंच पद्माकर बंसोड़, अनिल रहंगडाले, ओमकार राहंगडाले, भूमेश्वर बिसेन ,प्रभा बिसेन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, संध्या एडे, निशा तुरकर, छाया धनोले, पूर्व सरपंच मोहनलाल एडे, श्रीराम एडे, महेंद्र बंसोड़, प्रकाश धनौले और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले महेश पंथी का जिला कलेक्टर ने किया सम्मान , सीएमओ ने माला पहना कर दी बधाई

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर

**अभिषेक कुशवाह**



**सिरोंज। सिरोंज नगर** पालिका मैं सीएम हेल्पलाइन का कार्य देखने बाले महेश पंथी का उनके उत्कृष्ट कार्य को लेकर जिला कलेक्टर के द्वारा गणतंत्र दिवस पर सम्मान स्वरूप प्रशंसा पत्र दिया गया था , जिस पर नगर पालिका परिषद सिरोंज में शुक्रवार को परिषद हाल में सीएम हेल्पलाइन शाखा प्रभारी महेश पंथी एवं सहायक संजीव यादव, का सम्मान समारोह आयोजित किया समारोह के मुख्य अतिथि नगरपालिका सीएमओ प्रदीप सिंह भदौरिया विशेष अतिथि भारतीय जनता पार्टी वार्ड नंबर 5 के पार्षद अजमल शेर खान ने सभी कर्मचारियों की मौजूदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महेश पंथी एवं सहायक संजीव यादव का फूल माला पहनाकर सम्मानित किया जिसमें सीएमओ श्री भदौरिया ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान करने से दूसरे कर्मचारियों का भी हौसला बढ़ता है

## सरस्वती शिशु मंदिर लहार में बार्षिक उत्सव सम्पन्न

# नन्हे मुन्हें भैया वहिनो की मनमोहक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध हुए अभिभावक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** गणतंत्र दिवस एवम माँ सरस्वती जी के जन्मोत्सव बसंत पंचमी को लहार नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में बार्षिक उत्सव ब? ही धूम धाम से मनाया गया।जिसमें नन्हें मुन्हें भैया वहिनो की मनमोहक प्रस्तुतियों से अभिभावक मंत्र मुग्ध हो गए।कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीराम जी उपाध्याय,मुख्य अतिथि शैलेन्द्र सिंह,विशिष्ट अतिथि मोनू उपाध्याय पत्रकार ने सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीराम जी उपाध्याय ने अपने बक्तव्य में सरस्वती शिशु मंदिर के बारे में




ज्ञान करबाया एवम अपने भैया बहिनों को विद्यालय में प?ाने की मंशा जाहिर की तो वहीं बिशिष्ट अतिथि मोनू उपाध्याय ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारो की खान है और अगर हमें अपने बच्चों को संस्कारो दिलाना है तो आज जे युग मे सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा दीक्षा करबाना अनिवार्य है।वहीं संस्था के प्राचार्य ने राजेश श्रीवास्तव जी ने अपनी संस्था की रूप रेखा रखी और उनके बेहतर भविष्य निर्माण में आचार्य परिवार की भूमिका बताई।इस मौके पर थाना प्रभारी असवार अभिषेक राय ने भी कार्यक्रम में पहुँचकर बच्चों का उत्साह बर्धन किया।इस मौके पर नगर के गणमान्य नागरिक एवम पत्रकार बंधू प्रमुख रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम का मंच संचालन बहिन अनादी शुक्ला ने किया।

# विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**दमोह।** 23 जनवरी 2023 को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से संचालित नेहरू युवा केंद्र दमोह जिला युवा अधिकारी सुधीर सिंह एवं लेखापाल तेजखान के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बसंत पटेल, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल बांसा कलां के द्वारा ग्राम पंचायत बांसा कलां में श्री देव हनुमान जी मंदिर प्रांगण में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगान, मध्यप्रदेश गान कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे,एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य संयोजक ग्राम पंचायत बांसा कलां के सरपंच यतेन्द्र सिंह बांकड़ा, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत नंदरई के सरपंच अशोक सिंह ठाकुर, रिटायर्ड पुलिस विभाग से रामेश्वर पटेल,झब्बू सिंह,जगत सिंह राजपूत, देवी सिंह ठाकुर, राजीव कुमार तिवारी , शिवम भटोले, निमी सरपंच सत्यभान सिंह, उपेन्द्र सिंह ठाकुर, ऋषभ कुमार जैन, नन्हे पटेल सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मुख्य आयोजन मंडल से शैलेश सिंह बांकड़ा, रिंकेश सिंह बांकड़ा, विश्वजीत सिंह ठाकुर, हेमन्त पटेल, सेवक प्रजपति, जीवन लाल पटेल, अजय पटेल, राजेश पटेल, ब्रज किशोर पटेल, अमन सिंह ठाकुर, मोहन पटेल, घनश्याम पटेल, बसंत पटेल, वॉलीबाल रेफरी सुजीत पटेल, खो खो रेफरी प्रकाश प्रजापति, कपिल पटेल आदि विशेष भूमिका में उपस्थित रहे। घनश्याम पटेल ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि ग्राम पंचायत बांसा कलां आनद उत्सव कार्यक्रम एवं नेहरू युवा केन्द्र दमोह द्वारा विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न की गई, जिसमें बालिका वर्ग एवं बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, खो-खो में बालिका वर्ग बालक वर्ग, गोला फेंक में बालिका वर्ग, वॉलीबॉल में बालक वर्ग आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# एस डी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**गोरखपुर** 26 जनवरी. बृहस्पतिवार को 74 वी गणतंत्र दिवस



के पावन अवसर पर सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, कोटिया मानसिंह ,बांसगांव जनपद गोरखपुर के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी से प्रारंभ करते हुए देवरिया एवं कोटिया मानसिंह गांव में भ्रमण करते हुए विद्यालय में आगमन किए, विद्यालय के संस्थापक संजीव कुमार द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन करते हुए आयोजित किये गये कार्यक्रम में प्रतिभाग किए बच्चों द्वारा विद्यालय में नृत्य एवं गायन का अत्यंत मनोहारी सुंदर एव उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ साथ महापुरुषो को आज़ादी की सच्ची श्रद्धांजलि दिया गया। आज की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर रुक्मिणी चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया की शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पिएगा वह दहाड़ेगा ,और शिक्षा से ही जीवन का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग प्रशस्त होता है , शिक्षा एक ऐसी सीढ़ी है जिस मंजिल पर जितनी ऊंचाई पर जाना है , वहां शिक्षा के द्वारा पहुंचा जा सकता है, जिससे अपने भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने सम्बोधन में कहा कि महा पुरुषो ने देश व समाज के लिए जो त्याग व बलिदान किया है उनके साथ-साथ भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की सर्वोच्च भूमिका रही है जिन्होंने पूरे देश में समाज के प्रत्येक वर्ग को समानता शिक्षा स्वतंत्रता राजनीतिक भागीदारी एवं संवैधानिक समानता प्रदान किए जो सर्वोच्च योगदान माना जाता है कार्यक्रम में उपस्थित सज्जन एवं सम्मानित महानुभावों में श्री छेदी प्रसाद ,श्री गोरखनाथ ,श्री हरिलाल मास्टर साहब बृजेश कुमार जसवंत जी देव आनंद जी कमलेश जी रोशन कुमार सुरजीत कुमार शम्मी कुमार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे जिनके द्वारा कार्यक्रम की भूरी भूरी सराहना की गई.

# पत्रकारहित की माँग को लेकर जोश जुनून के साथ सड़कों पर उमड़ा पत्रकारों का सैलाब।

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

**एटा।** अलीगढ़ में एक दैनिक समाचार पत्र संपादक के घर पड़ी डकैती का खुलासा कराने और एटा के थाना व कस्बा के सरकारी अस्पताल में कवरेज करते पत्रकार से मारपीट करने व मुकदमा दर्ज करने के विरोध और राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी नुमाइश में पत्रकार सुविधाओं की अनदेखी को लेकर आज शुक्रवार की सुबह एटा कासगंज सहित तमाम ग्रामीण अंचलों से पहुंचे पत्रकारों का सैलाब सड़कों पर उमड़ पड़ा, हनुमान जी चरणों में शीश झुका जोश जुनून के साथ निकले पत्रकार जुलूस के रूप में वाहनों पर सवार होकर जीटी रोड कचहरी रोड होते हुए कचहरी पहुंचे जहाँ कचहरी चौराहा पर राष्ट्रीय हिंदू महासभा की संत सभा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव लोधेश्वर ने क्रांतिकारी पत्रकारों का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया और पत्रकार हित के आंदोलन की जमकर सराहना की इसके बाद पत्रकारों का हुजूम जिला कलेक्ट्रेट जा पहुंचा जहां उन्होंने एक मांग पत्र माननीय मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी शिव कुमार सिंह को सौंपा, मांग पत्र में पत्रकारों ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि अलीगढ़ दैनिक राजपथ संपादक सजंय गुप्ता जी के यहां पड़ी डकैती का अलीगढ़ पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया जा रहा है ऐसे में घटना की जांच एसटीएफ को सौंपी जाए, थाना जैथरा में कवरेज करते पत्रकार प्रदीप यादव पर दर्ज मुकदमा अभिलंब निरस्त किया जाए, एटा नुमाइश मैदान में पत्रकारों के लिए प्रेस प्रवेश पास एवं पत्रकारों के परिजनों को मनोरंजन कार्यक्रम का लाभ प्रदान करने हेतु निशुल्क पास जारी किए जाएं प्रदर्शनी पंडाल में पत्रकारों को बैठने की समुचित व्यवस्था एवं प्रेस कैंप बनाया जाये। ज्ञापन सौपते पत्रकारों ने एटा जिला प्रशासन से माँग की हैं कि स्थानीय स्तर की समस्याओं का 24 घण्टे के अंदर समाधान व व्यवस्थाओं में सुधार किया जाये। अन्यथा की स्थिति में समस्त पत्रकार विकराल आंदोलन को मजबूर होंगे। जुलूस एवं ज्ञापन आंदोलन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार नेत्रपाल सिहं चौहान थे एवं नेतृत्व मनसुख टाइम्स के सम्पादक बबलू चक्रवर्ती ने किया, आंदोलन की व्यवस्था टीवी 30 एवं 1 टीवी के ब्यूरोचीप पंकज गुप्ता एवं मनसुख टाइम्स एटा ब्यूरोचीफ ज्ञानेश कुमार ने सम्हाली। इस मौके पर द पायनियर के ब्युरोचीफ वरिष्ठ पत्रकार राजू उपाध्याय, एस के माथुर पुष्पांजली टुडे,शिवकुमार पाठक जीएस न्यूज़, अमोल श्रीवास्तव



दैनिक रेड हैंडेड समाचार पत्र, अमित कुमार गुप्ता मानवाधिकार मीडिया, अशोक राठौर ए भारत न्यूज़ ,मुकेश कुमार सप्ताहिक कलप्रिंट तहलका, वैभव पचौरी दैनिक भास्कर, दीपक वर्मा राष्ट्रीय जजमेंट न्यूज़, आशु शर्मा एबी स्टार न्यूज, अयूब मानवाधिकार मीडिया, पवन चतुर्वेदी अमीर खुसरो टाइम्स समाचार पत्र, अमित कुमार इ 7 स्टार न्यूज़, अजय शर्मा (बाबा), जितेंद्र कुमार भारत लाइव 24 ,पवन पाठक दैनिक लक्ष्य द टारगेट समाचार पत्र, दिनेश चंद शर्मा राष्ट्रीय कोहिनूर समाचार पत्र ,आशीष राज मनसुख टाइम्स, प्रदीप यादव अग्रभारत जैथरा, प्रबल राठौर बीटी टीवी, राहुल तिवारी केबीजे न्यूज़, चंचल लोधी तेजस टुडे समाचार पत्र, मोहित कुमार नेशनल खबर 9, मोहम्मद ताहिर नेशनल खबर 9, अमित कुमार माथुर कलप्रीट तहलका समाचार पत्र उप संपादक ,हरकेश, मनोज कुमार मनसुख टाइम्स छायाकार, सरोज इंडिया न्यूज़ दर्पण, रवि यादव दैनिक घटनाएं समाचार पत्र, मनीष कुमार मनसुख टाइम्स कासगंज संवाददाता ,मनोज कुमार टीवी 100 पुष्पेंद्र यादव राष्ट्रीय खबर एटा, मिथुन गुप्ता मनसुख टाइम नगर संवाददाता, आर के वर्मा टाइम टीवी न्यूज़ कासगंज, राहुल वर्मा आज तक 24 न्यूज़ कासगंज, शिव स्वरूप वर्मा अमर भारती जैथरा ,रवीश कुमार गोला रीडर मैसेंजर ,विजेंद्र मिश्रा, पवन कुमार वार्ष्णेय दैनिक घटनाएं जलेसर संवादाता, विनोद कुमार दीक्षित सुदर्शन न्यूज़ दिल्ली, विनय यादव के एन एल एस लाइव न्यूज़ ,राजेश चौहान मंडल ब्यूरो अलीगढ़, अशोक कुमार शर्मा टीवी 27 चैनल सहित एटा कासगंज जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण अंचलों से पत्रकार एटा पहुचे।

# किसी के आत्मसम्मान को ठेस न लगे, इस तरह का व्यवहार करें



हर व्यक्ति का अपना एक सेल्फ रेस्पेक्ट होता है इसलिए जब हम कोई भी विषय पर चर्चा करते है यह अवश्य याद रखें की हमारी किसी भी बात से सामने वाले का आत्म सम्मान को कोई ठेस न पहुंचे। हमे किसी व्यक्ति के आत्म सम्मान के साथ खेलने का कोई अधिकार नहीं है वर्तमान परिवेक्ष्य में ऐसा देखा जा रहा है की लोगो के बीच एक दूसरे को नीचा दिखाने की प्रतिस्पर्धा सी हो गयी है यह स्पर्धा कितनी घातक हो सकती है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कई लोग सम्मान को ठेस पहुँचने के चक्कर में आत्म हत्या जैसा कदम उठा लेते है अपने आपको डिप्रेशन में डाल लेते है इसलिए हमें बहुत ही सरल और विनम्र होकरके ही बात करनी चाहिए खास तौर पर जब आप किसी ब? पद पर हो। एक बात याद रखना व्यक्ति का स्वाभाव एवं व्यवहार ही व्यक्ति के साथ रहता है बाकि सब समय के साथ खत्म हो जाता है इसलिए यदि आप किसी का भला नहीं ऱ सकते तो बुरा भी मत करना।

अंजू भदौरिया
कोषा अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी
मध्य प्रदेश

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स टॉर्च (मशाल) रैली का भिण्ड में हुआ भव्य एवं आत्मीय स्वागत

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजन को लेकर संपूर्ण प्रदेश में खेल वातावरण तैयार करने तथा खेलों में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने एवं युवा खिलाड़ियों में ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2022 की टार्च रैली को प्रदेश के समस्त जिलों में दिनांक 14 से 29 जनवरी 2023 तक भ्रमण कराये जाने हेतु 02 दल गठित किये गये हैं, जिनमें से द्वितीय दल सीहोर, देवास, इन्दौर, धार, खरगौन, खण्डवा, बुरहानपुर, बडवानी, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, उज्जैन, आगर मालवा, शाजापुर, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना होते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंच रही खेलो इंडिया टॉर्च का आज 26 जनवरी-गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी चौराहा भिण्ड में आगमन हुआ।सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया,सांसद श्रीमती संध्या राय, विधायक संजीव सिंह कुशवाह,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, जिला पंचायत सीईओ जेके जैन,एएसपी कमलेश कुमार,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने टॉर्च मशाल का आत्मीय अभिनंदन किया।खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजन के अंतर्गत मुरैना से टॉर्च ( मशाल ) का भिण्ड जिले के इंदिरा गांधी चौराहे पर प्रवेश के साथ ही भव्य एवं आत्मीय स्वागत हुआ। सर्वप्रथम मुरैना से टार्च लेकर आए शिवकुमार सिंह भदौरिया एवं राजकुमार प्रजापति से सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने टार्च प्राप्त की। इसके उपरान्त टार्च का मंच पर पुष्प हार से स्वागत किया गया।

**भिण्ड नगर के प्रमुख मार्गो से टार्च रैली निकली**–खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रति जागरुकता लाने के लिए आज भिण्ड जिले में आई टार्च रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। टार्च प्राप्त करने के बाद सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया,सांसद श्रीमती संध्या राय, विधायक संजीव सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, जिला पंचायत सीईओ जेके जैन,एएसपी कमलेश कुमार,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया सहित अन्य अधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने इस टार्च को थाम कर नगर के इंदिरा गांधी चौराहा, परेड चौराहा, आर्य नगर चौराहा से होते हुए सुभाष तिराहा पर रैली का समापन हुआ।

**प्रदेश के 8 शहरों में होंगे 27 खेल**–मध्यप्रदेश में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी 2023 तक हो रहा है। इसमें 27 खेल प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, बालाघाट, मंडला एवं खरगोन में होंगे, जिसमें देशभर के 6 हजार खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेलों की प्रारंभ श्रंखला में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित शौर्य स्मारक से 7 जनवरी 2023 को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल, शुभंकर एवं थीम सॉन्ग को लांच किया था। संपूर्ण प्रदेश में खेल वातावरण तैयार करने के लिए खेलों में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने एवं युवा खिलाड़ियों में उर्जा संचार करने के उद्देश्य से यह आयोजन प्रदेश में खेलों की एक नई इबारत लिखेगा।

# सपा ने गणतंत्र दिवस मनाया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड ।समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय भिण्ड पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाअध्यक्ष नीरज यादव ने समाजवादी पार्टी कार्यालय, भिण्ड पर किया ध्वजारोहण इस ध्वजारोहण में वरिष्ठ नेता डॉ लज्जाराम यादव जिला महासचिव अशोक डंडोतिया जिला उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह सिमराव,मीडिया प्रभारी सतेंद्र सिंह यादव, अटेर विधानसभा उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कुणाल यादव ,रविंद्र यादव ,शिव सिंह चौरसिया सहित तमाम लोग शामिल हुए।

## मुंगावली एवं सहराई में दो अलग-अलग बैंकों की शाखा में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रध्वज नहीं फहराया गया



**मुंगावली संवाददाता....** मुंगावली एवं सहराई में दो अलग-अलग बैंकों की शाखा में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रध्वज नहीं फहराया गया जिससे बैंकों और प्रशासन के अधिकारियों की निष्क्रियता एवं राष्ट्रभक्ति पर उनके इस कृत्य से सवाल उठता है यह राष्ट्रीय अपमान यूको बैंक की शाखा सहराई में हुआ कहां झंडा वंदन नहीं किया गया गणतंत्र दिवस के अवसर पर वहीं तहसील मुख्यालय स्टेशन रोड मुंगावली स्थित केनरा बैंक की शाखा मुंगावली में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडा वंदन नहीं किया गया. वही जब सहराई आई यूको बैंक के प्रबंधक से चर्चा की तो उन्होंने कहा मैं बाहर हूं किसी से करवा देता हूं परंतु गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेहराई यूको बैंक में झंडा वंदन नहीं हुआ. वही मुंगावली केनरा बैंक शाखा प्रबंधक से चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं कि हर शाखा में झंडा वंदन किया जाए मेरा निवास चंदेरी में है हमने चंदेरी में झंडा वंदन में भाग लिया है

# कांग्रेस ने शुरू किया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

मेहगांव । क्षेत्र के बरासो मंडलम के डगर ग्राम में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की गई जिसमें प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा उपस्थित होते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी जी ने देश में नफरत को हटाकर भाईचारा और सद्भाव स्थापित करने का संदेश देने का काम किया है आज देश में महंगाई बेरोजगारी के कारण हर वर्ग परेशान है प्रदेश में आज कर्मचारी भी भाजपा सरकार से त्रस्त परेशान हैं भ्रष्टाचार लगातार चरम सीमा पर पहुंच रहा है हम सब लोगों को मिलकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और समझना है अब समय प्रदेश से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का समय है व 2023 में मध्यप्रदेश में कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार स्थापित करना हैइसी क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमित दांतरे बृजेन्द्र सिंह कल्लू व ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर बघेल ने भी अपने विचार रखे तथा कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष राम अवतार शर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम में बैजनाथ गुर्जर, पुरषोत्तम शर्मा ,रामसहाय शर्मा, विनोद शर्मा, संतोष शर्मा, कमलसिंह शाक्य, राधेश्याम शाक्य ,बिशमबर जाटव, शिव सिंह प्रजापति, शिव सिंह बरेठा,होम सिंह बघेल ,रामदत्त बघेल, भगीरथ राठौर ,सुरेश कुशवाह,देवेंद्र कुशवाह आदि लोग मौजूद थे।

# राज्य आनंदम संस्थान की ओर से संचालित आनंद






**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

उत्सव कार्यक्रम दिनांक 14 से 28 जनवरी तक किया जा रहा है जिसकी जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री रामभरोसा शर्मा ने बताया कि नगर परिषद रन्नौद जिला शिवपुरी अंतर्गत नगर में सार्वजनिक स्थलों,मुख्य मार्गो,संस्थानों एवं वार्डों में विभिन्न परंपरागत गतिविधियां सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेल - खुद कबड्डी,रस्साकसी,नीबू दौड़,बोरा दौड़,कुर्सी दौड़ आदि गतिविधियां संपन्न कराई जा रही है जिसमें समाज के सभी वर्गो,महिला-पुरुष सभी आयु वर्ग के नागरिकों द्वारा भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है और गतिविधियों ,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया जा ररहें है कार्यक्रम में नगर परिषद रन्नौद अध्यक्ष, नगर परिषद रन्नौद उपाध्यक्ष,पार्षदगण,परिषद कर्मचारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ता नगर के नागरिक आदि उपस्थित रहे ।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हीरालाल चौधरी का हुआ सम्मान

पुष्पाजंली टुडे

**सुमेरपुर।**दनाक 25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्ष्ठरू कार्यालय् सुमेरपुर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुमेरपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया गया।इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सुमेरपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्ष्ठरू हरिसिह सभी सम्मानित बूथ लेवल अधिकारियों,सुपरवाईजर इ .एल. सी. प्रभारी ,सुमेरपुरके स्टाफ जनो और विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई गई ।सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले 10 बूथ लेवल अधिकारियों ,4 सुपरवाइजर तथा 1 द्दद्य प्रभारी को प्रस्तति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मानित सूचि मे सीरवी समाज के युवा ऊर्जावान व राष्ट्रप्रेमी अध्यापक हीराराम चौधरी को सम्मानित किया गया।द्वारा सुमेरपुर विधानसभा के श्रेष्ठ बूथ लेवल अधिकारी के रूप मे कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए सम्मानित किया गया। हीराराम चौधरी एक ऐसे शिक्षाविद है जो अपने कर्तव्य के प्रति सदा ईमानदार रहते है और अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा ,लगन एवं कर्तव्यपरायण की भावना से करते है।आपको शिक्षा विभाग द्वारा खंड व जिला स्तर पर श्रेष्ठ शिक्षक के पुरुष्कार से नवाजा गया। प्रवासी न्यू? ग्रुप आपको इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल जीवन की कामना करता है।





**सरपंच संघ संगठन अध्यक्ष ऋषि राज सिंह दांगी ने मध्य प्रदेश सरकार की मनरेगा की विसंगतियों के विरोध में 11 जनवरी 2023 से सरपंच संघ के सभी जिला एवं जनपद अध्यक्षो ने अपने संबंधित मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिस कारण से सरपंच संगठन ने 27 जनवरी 2023 मध्य प्रदेश में मनरेगा के सारे कार्य बंद किए जा रहे हैंउक्त दिनांक से मध्य प्रदेश के सभी 23000 पंचायतों के सरपंच कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1993 के अनुसार पंचायतों के सभी कार्यों में सरपंच और सचिव संयुक्त हस्ताक्षर से ही भुगतान एवं अन्य गतिविधि संचालित होती हैं इस स्थिति में श्रीमान से अनुरोध है कि मनरेगा योजना के किसी भी कार्य के नवीन मस्टरोल या भुगतान संबंधी कार्य को ऑनलाइन स्वीकृति ना करें**

# दुबई एवं बैंगलुरु जीतो सिस्टर चेप्टर बनने की ओर अग्रसर

पुष्पांजलि टुडे



**बेंगलुरू** -विश्व के व्यापारिक मानचित्र पर प्रमुखता से उभरते, मध्य पूर्वी एशिया, खाड़ी देशों व अफ़्रीका के लिये व्यापारिक केंद्र बिंदु दुबई से आज हर सफल व्यवसायी अपनी व्यापारिक गतिविधियों को संचालित करने को उत्सुक रहता है और प्रत्येक निवेशक को सम्मान व सुरक्षा देने में अव्वल इस देश के जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइज़ेशन ÷जीतो÷ दुबई के अध्यक्ष बीरेन जसानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बैंगलोर जीतो के साउथ और नार्थ के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक कर दुबई-बैंगलोर के आपसी व्यापारिक संबंधों तथा नेटवर्किंग को बढ़ाने की संभावनाओं को खोजा। दुबई में निवासित अनीवासी भारतीय बीरेन जसानी ने बैठक में कहा कि वहां के जीतो सदस्य आज भी अपनी मिट्टी से जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि दुबई आज प्रगति के विशाल पथ की ओर अग्रसर है, विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका। उन्होंने कहा कि आज भारत और दुबई के संबंध तथा भारतीयों का सम्मान सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। उन्होंने कहा कि आज दुबई में व्यापार की विपुल संभावनायें है इसी के मध्यनजर जीतो दुबई और बैंगलुरु जीतो मिलकर जीतो के इतिहास में पहली बार संयुक्त रूप से ÷सिस्टर चेप्टर÷ बनकर व्यापार की विपुल संभावनाओं को वास्तविक रूप देने को कदम बढ़ा रहे है। बैठक में मौजूद जीतो अपेक्स के मुख्य सचिव मनोज मेहता ने अपेक्स द्वारा संचालित विभिन्न जन हितेषी कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि दुनिया भर में फैले जीतो सदस्यों को व्यावसायिक रूप से एक सूत्र में पिरोकर उन्नति का मार्ग प्रशस्त करना होगा और ईसी कड़ी में सभी अंतर्राष्ट्रीय चेप्टर के प्रतिनिधियों का एक सम्मेलन भारत में आयोजित करना होगा ताकि सुझावों व विचारों के आदान-प्रदान से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने का रास्ता खुल सके। जीतो बैंगलुरु साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने इस बैठक में बैंगलोर जीतो के कार्यों का विवरण देते हुए कहा कि बैंगलुरु जीतो द्वारा प्रारंभ किये गये कार्य भारत भर के बाकी सभी चेप्टरों के लिये प्रेरणा स्तोत्र बने है। उन्होंने कहा कि दुबई और बैंगलुरु जीतो के एक मंच पर आकर कार्य करने से व्यापारिक सफलता की राह सुगम बन जायेगी।साथ ही उन्होंने कहा कि एक दूसरे को समझने व व्यापार की बढ़ोतरी तथा विकल्पों को समझने हेतु दुबई प्रवास शीघ्र ही प्रारंभ किये जायेंगे। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बैठक में कहा कि जीतो के नाम में ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार का उद्धेश्य समाहित है और इस प्रकार की पहल के न केवल लम्बी अवधि के परिणाम प्राप्त होंगे अपितु सीमा पार संबंधों में भी मजबूती आयेगी। जीतो अपेक्स के अंतरराष्ट्रीय कार्यपालक चेयरमेन महावीर मेहता ने सभी प्रतिनिधियों से कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूती देने तथा व्यापार को व्यापकता देने की यह सकारात्मक पहल है साथ ही उन्होंने बताया कि इस पहल को वास्तविक रूप देने के लिये अल्प अवधि में ही एक समझौते का मसौदा तैयार कर लिया जायेगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में जीतो दुबई के सदस्य शेखर पटनी, राजेश जैन, विजय दोषी, अनुपम लुणावत, परेश शाह, अंकुर नाबेरा व अंतर्राष्ट्रीय विंग संयोजक संजीव जैन के साथ जीतो बैंगलुरु साउथ के उपाध्यक्ष अशोक गजानन वि उदय जैन तथा महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल भी मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस मालनपुर में धूमधाम से मनाया गया

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर उद्योग क्षेत्र मालनपुर में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया इस शुभ अवसर पर नगर परिषद मालनपुर नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती राय श्री मुकेश किरार ने ध्वजारोहण किया और अपने ओजस्वी संबोधन में राष्ट्र की स्वतंत्रता में भागीदारी शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी जिसमें समस्त नगर परिषद के पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों के द्वारा स्वच्छता अभियान में कार्य करने वाले कर्मचारियों को एक एक प्रमाण पत्र वह गर्म कपड़े भेट किए ज्ञात रहे मालनपुर की प्रथम नगर परिषद में प्रथम बार ध्वजारोहण महिला अध्यक्ष ने किया इसी तरह शिवाजी पब्लिक स्कूल छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने शिक्षाप्रद छात्र-छात्राओं पढ़ने में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया मालनपुर थाना प्रभारी बलवंत सिंह यादव ने झंडा वंदन किया जिसमें मालनपुर थाने के पूरी टीम एस सी एम शिववीर सिंह जादौन, राघवेंद्र शुक्ला, कमल माहौल, राजेश कुशवाह, पंकज तोमर ,आदित्य गुर्जर, मनीष माझी, रामबरन आदि उपस्थित रहे



गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस पार्टी के मालनपुर ब्लॉक अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर ने हाथ जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया इसी अवसर पर पटेल मार्केट में बादशाह डीजे कार्यालय का फीता काटकर गणमान्य नागरिक बालाराम पटेल नगर परिषद मालनपुर के पिता ने किया इस गणतंत्र दिवस पर भवानी चिकित्सालय मालनपुर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने स्थानीय नागरिकों के साथ झंडा वंदन किया इस अवसर पर मौजूद बालाराम पटेल नगर परिषद अध्यक्ष श्री मुकेश किरार जिला पंचायत सदस्य पति केशव देसाई संग्राम सिंह तोमर डॉक्टर परमाल सिंह तोमर जिन्ने खां, योगेश शर्मा सोवत मास्टर रामनिवास उर्फ पप्पू गुर्जर कुंदन सिंह राकी जैन रामबरन जाटव शब्बीर




खान पार्षद नौशाद खान संतोष कुशवाहा मुन्ना खान पूर्व सरपंच रिठौरा जाकिर उर्फ पप्पू सुरेश बाबू जी सैकड़ों गणमान्य ने भाग लिया

# रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम खरगोन के तत्वावधान में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं परम् श्रद्धेय श्री विभुजी महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 30 से भी अधिक अनुयायियों ने रक्तदान किया।खरगोन आश्रम के प्रभारी महात्मा धारा बाईजी के मार्गदर्शन में उक्त शिविर का आयोजन मानव समाज को रक्त की कमी ना हो उसकी पूर्ति के लिए रखा गया था।साथ मे आध्यात्मिक प्रवचनों का कार्यक्रम हुआ, इस कार्यक्रम में धार जिला, बड़वानी जिला, खण्डवा जिला, और खरगोन जिलो के अनुयायी तकरीबन 1200 से भी अधिक आये थे सभी के लिए लंगर की भी व्यवस्था थी।कार्यक्रम में मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले,संस्था के डॉक्टर मांगीलाल पाटीदार,शिवराम वाघेला, देवराम राठोड़, पुनम वर्मा, लुणाजी, और सुमन्ती यादव भी सम्मिलित थे।



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल गौड**

मण्डल मौ में आए भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री गुलफाम पठान सहाब का जन्मदिन मौ मंडल में मनाया और श्रीफल सॉल भेट देकर बधाई दी इस मौके पर मौजूद रहे मौ नगर परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंह कुशवाह पर्षद सुलतान मौर्य जिला आई टी सेल प्रभारी रामू कुशवाह जिला कोषाध्यक्ष सोनू खान अल्प संख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमजत पठानदिलीप महाराज महामंत्री जावेद पठान सह कोषाध्यक्ष अरशद खान शाहरुख राईन मंसूर खान आदि कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे

# राजनीतिक दृष्टि से भारत में पहला बलिदान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का हुआ :आलोक तिवारी

## नए साल में मुंगावली में हुई भाजपा जिला कार्यसमिति की पहली बैठक, संगठन के कार्यों की हुई समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों पर किया गया विचार विमर्श

**मुंगावली** -भारत की एकता, अखंडता तथा स्वाभिमान के लिए एक देश में दो निशान दो प्रधान दो संविधान नहीं चलेंगे, यह कहते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पंडित जवाहरलाल नेहरु की सरकार से इस्तीफा दिया था। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने नए साल की पहली जिला कार्यसमिति की बैठक जिले के मुंगावली स्थित आरके गार्डन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि भारत की एकता, अखंडता की रक्षा के लिए डॉक्टर मुखर्जी ने अपने प्राणों की आहुति दी। और इस तरह राजनीतिक दृष्टि से भारत में पहला बलिदान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का हुआ। और उनके सपने को भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने साकार किया जहां कश्मीर से धारा 370 को हटाकर वहां का विशेष दर्जा समाप्त कर समान नागरिकता का अधिकार देशवासियों को दिया। उन्होंने कहा कि नेहरू की नीतियां हमेशा दोयम दर्जे की रही। उनकी मानसिकता और विचारधारा ऐसी थी कि उन्होंने स्वयं कहा कि मैं जन्म से हिंदू हूं लेकिन दुर्घटना वश। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता समर्पण भाव से काम करता है और संगठन के संचालन के लिए आगामी 11 फरवरी को दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर समर्पण निधि जुटाने का काम शुरू किया जाएगा जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पण भाव से सहयोग प्रदान करना है। बैठक में उपस्थित राज्य मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव ने आगामी 5 फरवरी से 25 फरवरी तक निकाली जाने वाली विकास यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों पर खर्च हुए बजट के संबंध में जानकारी दी।



## सम्पादकीय

# नये दौर में दस्तक देते भारत-मिस्र संबंध

भारत-मिस्र संबंधों के लिहाज से साल 2023 ऐतिहासिक होने वाला है। ऐतिहासिकता की दो बड़ी वजह हैं- प्रथम, भारत और मिस्र अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे कर चुके हैं। द्वितीय, 75 वर्षों की इस यात्रा को यादगार बनाने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से भाग लेने के लिए भारत आ रहे हैं। मिस्र के साथ द्विपक्षीय संबंधों में यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब भारत अपनी सैन्य कूटनीति के फलक पर मध्य पूर्व एवं उत्तर अफ्रीकी देशों के साथ अपने सुरक्षा संबंधों का विस्तार कर रहा है। मिस्र के साथ भारत के संबंध हमेशा से ही सौहार्दपूर्ण रहे हैं। 15 अगस्त, 1947 को भारत को आजादी मिलने के तीन दिन बाद ही दोनों देशों ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्देल नासिर के बीच गहरे दोस्ताना संबंध थे। दोनों नेताओं ने यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति जोसिप ब्रोज टीटो के साथ मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी थी। कुल मिलाकर कहें तो 50 और 60 का दशक भारत-मिस्र संबंधों का स्वर्ण काल था। लेकिन 1970 के दशक के उत्तरार्द्ध से जब काहिरा ने सोवियत संघ के नेतृत्व वाले गुट से दूरी बनाते हुए अमेरिका के करीब जाना शुरू किया तो भारत-मिस्र संबंधों में भी शून्यता का भाव भरने लगा। घरेलू मुद्दे और जुदा भू-राजनीतिक विचारों की वजह से शून्यता का यह भाव अगले कुछ दशकों तक बरकरार रहा। हालांकि, शीतयुद्ध के दौरान आए इस ठंडेपन ने रिश्तों की खाई को अधिक गहरा नहीं होने दिया और अलग-अलग दौर के भू-राजनीतिक परिदृश्यों के बीच भारत-मिस्र संबंध कमोबेश आगे बढ़ते रहे। कोविड-19 और उसके बाद आये डेल्टा लहर के भयानक दौर ने द्विपक्षीय संबंधों को ठंडे बस्ते से बाहर निकालने में उत्प्रेरक के तौर पर काम किया। डेल्टा लहर के उस भयावह वक्त में मिस्र उन चंद देशों में से एक था जिसने भारत को मेडिकल ऑक्सीजन की सप्लाई मुहैया करवाई। बहुपक्षीय मंचों पर मिस्र के साथ हमारा उत्कृष्ट सहयोग है। क्षेत्रीय और दूसरे अनेक वैश्विक मुद्दों पर भी दोनों देशों का साझा दृष्टिकोण है। इसके बावजूद यह प्रश्न है कि अरब जगत की इस बड़ी शक्ति के साथ संबंधों के मामले में भारत इतना संजीदा क्यों बना हुआ है। राजनयिक संबंधों का साढ़े सात दशकों का निर्विवाद काल कोई छोटी बात नहीं है, फिर भी विदेश नीति के मोर्चे पर मिस्र हमारा प्रमुख सहयोगी क्यों नहीं बन सका, यह प्रश्न भी विचारणीय है। भारत अपनी ह्लुक वेस्टह्व पॉलिसी को लेकर किस कदर उदासीन है इसका अनुमान इस बात से ही हो जाता है कि पिछले डेढ़ दशक में किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने मिस्र की यात्रा नहीं की। आखिरी बार 2009 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह गुटनिरपेक्ष आंदोलन के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मिस्र गए थे। इस लिहाज से भी राष्ट्रपति सीसी का भारत दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है। मिस्र परंपरागत रूप से भारत के सबसे महत्वपूर्ण अफ्रीकी व्यापारिक साझेदारों में से एक रहा है। मार्च, 1978 से दोनों देश मोस्ट फेवर्ड नेशन क्लॉज पर आधारित द्विपक्षीय व्यापार समझौते से बंधे हुए हैं। हाल के वर्षों में भारत-मिस्र व्यापार संबंधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 3.15 बिलियन डॉलर के वर्तमान भारतीय निवेश के साथ भारत मिस्र में सबसे बड़े निवेशक के तौर पर उभर कर आया है।

# जोशीमठ से सबक लेने में न हो देरी

> भट्ट के अनुसार, नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी सहित 12 वैज्ञानिक संस्थाओं ने अध्ययन किया था, इसमें बताया गया है कि जोशीमठ के जिस क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया है, उसके 99 प्रतिशत से अधिक भाग को भू-धंसाव का खतरा है, बस मात्रा का फर्क है।

जोशीमठ शहर पर आई त्रासदी राज्य सरकार द्वारा पर्यावरणविदों, भू-वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों द्वारा बारम्बार व्यक्त तमाम चिंताओं की सरासर अनदेखी का परिणाम है। जाने-माने पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट ने दो दशक पहले ही जोशीमठ पर मंडरा रही आसन्न विपदा की चेतावनियां अच्छी तरह पता होने के बावजूद समय रहते उपाय करने में असफल रहने के लिए सरकारों को आड़े हाथ लिया। भट्ट के अनुसार, नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी सहित 12 वैज्ञानिक संस्थाओं ने अध्ययन किया था, इसमें बताया गया है कि जोशीमठ के जिस क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया है, उसके 99 प्रतिशत से अधिक भाग को भू-धंसाव का खतरा है, बस मात्रा का फर्क है। यहां तक कि 1970 के दशक जैसे वक्त में भी जोशीमठ में जमीन धंसने की घटनाओं की सूचनाएं हैं, जब एमसी मिश्रा की अध्यक्षता वाली 18 सदस्यीय कमेटी ने चेतावनी दी थी कि जोशीमठ एक भौगोलिक रूप से अस्थिर पहाड़ी पर बसा है और अनेक प्रतिबंध लगाने और सुधार के उपाय के सुझाए थे। यह मिश्रा कमेटी जोशीमठ शहर की धंसने की ओर अग्रसरता के पीछे कारणों की जांच के लिए बनाई गयी थी। रिपोर्ट बताती है कि जोशीमठ जिस जगह बसा है वह पिछले काफी समय से भूधंसाव की प्रवृत्ति वाला क्षेत्र है, ये पहाड़ ढीली पकड़ और गैर-सख्त सतह वाले हैं, जिनकी जड़ में मिट्टी और मलबे जैसी पोली परत है। परिणामस्वरूप, इस सारे इलाके की भारवहनीय क्षमता अधिक नहीं है। रिपोर्ट इस क्षेत्र में अनियोजित विकास कार्य न किए जाने की चेतावनी देती है और इसको ह्यप्राकृतिक रूप से अतिसंवेदनशीलह्व बताती है। इसमें आगे कहा गया है कि इन पहाड़ों की भू-संरचना से पानी की निकासी की सुविधाएं यथेष्ट न होना भी भूस्खलन का एक कारण है। मिश्रा कमेटी की इस चेतावनी की परवाह न करते हुए, इस क्षेत्र में काफी संख्या में पनबिजली परियोजनाएं बनाने की इजाजत दी गई। इनमें जोशीमठ के तपोवन इलाके की विष्णुगाड परियोजना भी है। इलाके के स्थानीय लोग और पर्यावरण कार्यकताओं का आरोप है कि जिन निजी एजेंसियों ने परियोजनाओं से पहले सर्वे किया, वे इस खित्ते की नाजुक भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखने में विफल रही हैं, इस पहाड़ी इलाके में सुरंगें बनाना यानी स्थानीय पर्यावरणीय संतुलन से छेड़छाड़ करना है। मई, 2010 में, गढ़वाल विश्वविद्यालय के दो अनुसंधानकर्ता और आपदा शमन प्रबंधन केंद्र ने ह्यकरंट साइंसह्व नामक विज्ञान पत्रिका में एक बढ़िया खोजपरक लेख छापा था, इसमें जोशीमठ को दरपेश तीन जोखिमों पर प्रकाश डाला था : 1. सरकार को चाहिए था कि सुरंगों की आपसी सीध का मेल करना, जो कि पनबिजली परियोजना का अंग होता है, उसकी अनुमति देकर इस शहर को और अधिक जोखिमजदा न होने देती। 2. सुरंगें बनाने की प्रक्रिया से भूमि की पानी-संचयन परत में छेद हो जाता है और इससे भारी मात्रा में अचानक निकला पानी इलाके भर में बाढ़ ला देता है। 3. विशाल पैमाने की बुनियादी ढांचा विकास योजनाएं जैसे कि पनबिजली परियोजना और सड़क निर्माण पर अमल करने से पहले इस क्षेत्र के प्राकृतिक संतुलन और भू-गर्भीय नाजुकता को समझने में असमर्थ रहना, संबंधित प्राधिकरणों की कोताही के कृत्य हैं। सालों से जोशीमठ शहर बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब सहित अनेक तीर्थ स्थलों का मुख्यद्वार रहा है, पर्यटन स्थल औली का रास्ता भी यहीं से होकर है। रिपोर्टों के अनुसार, विशेषज्ञों का मानना है कि अनियोजित निर्माणकार्य, जरूरत से अधिक आबादी का घनत्व, पनबिजली परियोजनाएं और भूगर्भीय जल के निकासी प्रवाह में रुकावट बनने से जोशीमठ का वर्तमान संकट बना होगा। वर्ष 2013 में हुई केदारनाथ त्रासदी के बाद, सर्वोच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने उत्तराखंड में पनबिजली परियोजनाओं की एवज पर होने वाले पर्यावरणीय नुकसानों का संज्ञान लिया था। इसके चलते अलकनंदा और भागीरथी नदियों की घाटी में प्रस्तावित 24 पनबिजली परियोजनाओं को स्थगित कर दिया गया। पर्यावरणविद रवि चोपड़ा की अध्यक्षता वाले विशेषज्ञ पैनल ने वर्ष 2014 में दी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि 2013 में आई भीषण बाढ़ के पीछे पनबिजली परियोजानाओं की परोक्ष-अपरोक्ष भूमिका है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि पनबिजली परियोजनाओं को लेकर नीति की रूपरेखा तैयार करे, लेकिन यह अब तक नहीं बन पाई। रवि चोपड़ा, जिन्होंने चार धाम यात्रा के लिए सर्व-मौसम मार्ग निर्माण योजना पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बनाए पैनल की अध्यक्षता भी की थी, उन्होंने पिछले हफ्ते जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि वर्ष 2015 में एक वैज्ञानिक लेख ह्यसुरंगों की वजह से चट्टानों की भार वहन प्रकृति में बदलावह्व में बताया गया है कि उत्तराखंड में हेलांग से तपोवन तक 12.1 किमी लंबी सुरंग बनाने में बार-बार किए जाने वाले बारूद धमाके और सुरंग खोदने वाली मशीनों के फंसने से इस इलाके में दरारें आई हैं। यह तथ्य पर्यावरणविदों और स्थानीय लोगों द्वारा बताए इन कारणों की ताईद करता है कि जोशीमठ में जो कुछ हुआ वह राष्ट्रीय ताप बिजली निगम द्वारा सुरंगें बनाने में उपयोग की गई प्रक्रिया का नतीजा है।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम ने इम्तिहान के भय को उत्सव में बदल दिया है

परीक्षाओं को लेकर अक्सर कहा जाता है कि परीक्षा न तो आसान होती है, न कठिन होती है। जो विद्यार्थी ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करते हैं, उनके लिए परीक्षा आसान होती है और जो विद्यार्थी नहीं पढ़ते हैं उनके लिए परीक्षा कठिन होती है। लेकिन, हमारी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने परीक्षाओं को हमारे जीवन के एक ऐसे भयावह दौर में बदल दिया है, जो सभी को डर से भरे रखता है। एक अभिनव पहल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल, परीक्षा पे चर्चा, देश के करोड़ों विद्यार्थियों को परीक्षाओं के प्रति भयमुक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। वर्ष 2018 से जारी परीक्षा पे चर्चा एक सालाना कार्यक्रम है, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री न सिर्फ छात्रों, बल्कि देश के शिक्षकों और अभिभावकों से गहन चर्चा करते हैं, उनकी समस्यायें सुनते हैं और परस्पर चर्चा के माध्यम से उन्हें उनकी कठिनाईयों को दूर करने के समाधान भी सुझाते हैं। संभवतः यह विश्व में अपने ढंग का एकमात्र कार्यक्रम है, जिसमें कोई राष्ट्राध्यक्ष जनता से परीक्षा जैसे विषय पर सीधे संवाद करता है। इस संवाद के अनेक सार्थक नतीजे भी सामने आए हैं। अब बच्चे परीक्षाओं को लेकर पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं और उनके अभिभावक निश्चिंत, तो इसका श्रेय परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रम को दिया जाना चाहिए, जिसने एक एग्जामिनोफोबिया अर्थात परीक्षा के भय को एक उत्सव के विषय में बदल दिया है, जो परिणाम की चिंता से ज्यादा कर्म के पीछे की लगन, मेहनत और विश्वास को प्राथमिकता देना सिखाता है। काल्पनिक नहीं, वास्तविक है एग्जामिनोफोबिया परीक्षाओं से पहले की बेचैनी और घबराहट को एग्जामिनोफोबियाह्व कहते हैं। यह वह डर है, जो किसी की कल्पना की उपज नहीं है, बल्कि एक ऐसी वास्तविकता है, जिसका साक्षात हर उस व्यक्ति को होता है, जो कोई परीक्षा देने जा रहा है। ऐसे लोगों में सबसे बड़ी संख्या स्कूली छात्रों की होती है, तो इससे सर्वाधिक प्रभावित होने वालों में भी इन्हीं की संख्या ज्यादा होती है। यह एक ऐसी स्थिति है, जो हमें मनोवैज्ञानिक रूप से ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि भावनात्मक और शारीरिक रूप से भी हम पर काफी नकारात्मक असर डालती है। एक सर्वेक्षण में, लगभग 66% छात्रों ने स्वीकार किया था कि वे बेहतर अकादमिक प्रदर्शन के दबाव में रहते हैं और परीक्षा में असफल होने का डर, उन्हें ज्यादातर समय तनाव में रखता है। सुनी जाती है छात्रों के मन की बात परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कक्षा 9 से 12 के बच्चों को इसी तनाव और डर से निकालने के लिए उनके मन की बात सुनते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि एक छात्र के जीवन में बोर्ड की परीक्षाओं का क्या महत्व होता है। इन्हें उत्तीर्ण करने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन, व्यर्थ का तनाव और भय, उनके आत्मविश्वास को डगमगा देता है, जिससे उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। खराब नतीजे, उनके जीवन को हताशा और कुंठा से भर देते हैं, जिसकी वजह से उनमें से बहुत से छात्र आत्महत्या जैसा अतिरेकपूर्ण कदम तक उठा लेते हैं। इससे भी अधिक भयावह स्थिति यह है कि बहुत से छात्र तो नतीजों से निकली निराशा की बजाय, परीक्षाओं के डर की वजह से ही आत्महत्या कर लेते हैं। यह कितना जानलेवा हो सकता है, इसका पता राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से चलता है। छात्र आत्महत्या से संबंधित एनसीआरबी का डाटा बताता है कि इस परीक्षाओं में फेल होने के कारण 2014 से 2020 के बीच 12,582 बच्चों ने आत्महत्या की। ऐसे में परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रम कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है। परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य शिक्षा हर व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह उसे जीवन की यात्रा में सभ्य, सफल और समृद्ध बनने का मार्ग दिखाती है। परीक्षाएं इस यात्रा का वे पड़ाव होती हैं, जहां आपको पता चलता है कि आप अगले पड़ाव तक जाने के लिए कितना तैयार हैं। लेकिन, अपेक्षाओं का दबाव, परीक्षाओं को जीवन-मरण का प्रश्न बना देता है। परीक्षा पे चर्चाह्व में माननीय प्रधानमंत्री छात्रों को इन्हें सहज भाव से लेने के लिए प्रेरित करते हैं और इसे उत्सव के रूप में मनाने का संदेश देते हैं। इससे छात्रों पर पड़ने वाला परीक्षाओं का दबाव और उनकी वजह से उत्पन्न भय कम होता है और साथ ही उन्हें परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सलाह भी मिलती हैं। परीक्षा पे चर्चाह्व में प्रधानमंत्री जी बच्चों को प्रेरित करते हुए पढ़ा हुआ भूल जाने की समस्या, बोर्ड परीक्षा की तैयारियां जैसे विषयों पर काफी उपयोगी जानकारियां प्रदान करते हैं। शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों के बीच पुल का काम एक बच्चे के जीवन में अभिभावक और शिक्षक, दोनों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। यही दोनों, उसके भावी जीवन की दिशा तय करते हैं। परीक्षा पे चर्चाह्व एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे संवाद के माध्यम से शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों के बीच पुल उपलब्ध कराते हैं। इससे वे एक-दूसरे की परिस्थितियों, भावनाओं, समस्याओं को भली-भांति समझने में सक्षम बनते हैं और इसी के अनुसार अपनी आगे की दिशा तय करते हैं।

> एक सर्वेक्षण में, लगभग 66% छात्रों ने स्वीकार किया था कि वे बेहतर अकादमिक प्रदर्शन के दबाव में रहते हैं और परीक्षा में असफल होने का डर, उन्हें ज्यादातर समय तनाव में रखता है। सुनी जाती है छात्रों के मन की बात परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कक्षा 9 से 12 के बच्चों को इसी तनाव और डर से निकालने के लिए उनके मन की बात सुनते हैं।

# अधिकारों की लड़ाई में नुकसान तो दिल्ली की जनता का हो रहा है

**सरकार के मनचाहे जायज एवं नाजायज निर्णयों पर अंकुश स्वस्थ एवं पाददर्शी शासन एवं प्रशासन की अपेक्षा है। नियंत्रण एवं अनुशासन की इन्हीं अपेक्षित स्थितियों को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार विवाद खड़े करती है।**

दिल्ली सरकार एवं उपराज्यपाल के बीच संघर्ष, तकरार एवं विवाद की स्थितियां लम्बी खिंचती चली जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है, चिन्ताजनक है। एक बार फिर चुनी हुई सरकार और प्रशासक के अधिकारों को लेकर जंग छिड़ी हुई है, सरकार स्वच्छन्दता, स्वतंत्रता एवं अधिकारों के मनचाहे उपयोग को चाहती है, लेकिन ऐसा होने से अधिकारों के दुरुपयोग की व्यापक संभावनाएं हैं और ऐसा होते हुए देखा भी गया है। सरकार के मनचाहे जायज एवं नाजायज निर्णयों पर अंकुश स्वस्थ एवं पाददर्शी शासन एवं प्रशासन की अपेक्षा है। नियंत्रण एवं अनुशासन की इन्हीं अपेक्षित स्थितियों को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार विवाद खड़े करती है। भाषा एवं व्यवहार की सीमा एवं संयम का उल्लंघन करती है। कुछ ऐसा ही आम आदमी पार्टी सरकार के पहले कार्यकाल में भी हुआ था, तब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आरोप लगाते रहे कि उपराज्यपाल उन्हें काम नहीं करने दे रहे। उन्हें अपना सचिव तक नियुक्त नहीं करने दे रहे। अब भी ऐसे ही आरोप लगाते हुए केजरीवाल कहते हैं- उपराज्यपाल है कौन? उन्हें चुनी हुई सरकार के कामकाज में दखलंदाजी का अधिकार दिया किसने? यह बात उन्होंने विधानसभा के विशेष सत्र में कही और बाहर मीडिया के सामने भी। हम चुनी हुई सरकार है। क्या चुनी हुई सरकार का अर्थ ऐसी निरंकुशता एवं स्वच्छंदता होती है? चुनी हुई सरकार बनाम केंद्र की तरफ से नियुक्त प्रशासक के अधिकारों की लड़ाई अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गई लगती है, जिसमें लोकतांत्रिक मूल्य, सिद्धांत और नियम-कायदे कहीं हाशिए



पर चले गए हैं। इस लड़ाई में नुकसान दिल्ली के लोगों का हो रहा है। मुख्यमंत्री का आरोप है कि उपराज्यपाल कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं होने दे रहे, योजनाओं के लिए धन नहीं दे रहे। उनके आरोप और भी हैं। वे अपने आरोप लगाते हुए भाषा एवं व्यवहार की सारी मयार्दाएं लांघ जाते हैं। विचित्र एवं चिन्तनीय स्थिति तो यह है कि सरकारी कामकाज में उपराज्यपाल की ओर से कथित हस्तक्षेप के आरोप के साथ केजरीवाल न सिर्फ उनके कार्यालय तक निकाले गए जुलूस में खुद शामिल होते हैं, बल्कि ऐसी भाषा में बात कहते हैं जिसे मयार्दा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। उन्होंने उपराज्यपाल पर ह्यसामंती मानसिकता से ग्रस्तह्व होने का आरोप तो लगाया, लेकिन खुद ही जिन शब्दों का प्रयोग किया, वह उनकी मंशा को कठघरे में खड़ा करता है। यह निश्चित है कि दिल्ली सरकार के किसी फैसले को उपराज्यपाल की सहमति से गुजरना एक निर्धारित प्रक्रिया है। अगर इसमें किसी तरह की अड़चन है तो इस पर विचार या इसका हल भी व्यवस्था के दायरे में ही करना होगा। यह सब निश्चित है, बावजूद इसके मुख्यमंत्री पद पर होते हुए भी केजरीवाल यदि उपराज्यपाल के लिए अभद्र एवं अशालीन भाषा का प्रयोग करते हैं तो इसे लोकतंत्र का हनन ही माना जायेगा। सामान्य जनजीवन में भी सभी लोगों से सभ्य, शालीन और शिष्ट व्यवहार और बोली की अपेक्षा होती है। इसी तरह सत्ता के ढांचे में पद की गरिमा के अनुकूल बर्ताव और बोली की मयार्दा से ही लोकतंत्र जीवंत रह सकेगा। जो व्यवस्था अनुशासन आधारित संहिता से नहीं बंधती, वह विघटन की सीढ़ियों से नीचे उतर जाती है। काम कम हो, माफ किया जा सकता है, पर आचारहीनता तो सोची समझी गलती है- उसे माफ नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र की ताकत यही है कि इसमें नेताओं से लेकर नागरिकों तक को विचार और अभिव्यक्ति की आजादी संविधान देता है। लेकिन यही संविधान अनुशासन, नियंत्रण, जबावदेही भी तय करता है कि सीमा एवं मयार्दा में बात कही जाये। शासन एवं प्रशासन की ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जबावदेही को सुनिश्चित करने के लिये हर स्तर पर नियंत्रण नहीं होकर सर्वोपरि नियंत्रण होना चाहिए। हर स्तर पर नियंत्रण रखने से, सारी शक्ति नियंत्रण को नियंत्रित करने में ही लग जाती है। नियंत्रण और अनुशासन में फर्क है। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और वास्तविक रूप में रहेगा मात्र ऊपरी तौर पर नहीं। अधिकार किसी के कम नहीं हों। स्वतंत्रता किसी की प्रभावित नहीं हो। पर इनकी उपयोग में भी सीमा और संयम हो। कानूनी व्यवस्था में गलती करने पर दण्ड का प्रावधान है, लेकिन शासन एवं प्रशासन की व्यवस्था में कोई दण्ड का प्रावधान नहीं है। यही कारण है कि किसी एक व्यक्ति को संपूर्ण अधिकार देने में हिचकिचाहट रहती है। पंच-पंचायत का वक्त पुनः लौट नहीं सकता जब तक कि समाज में वैसे लोगों को पैदा करने का धरातल नहीं बने। वैसे फैसलों पर फूल चढ़ाने की मानसिकता नहीं बने। लेकिन दिल्ली सरकार ने अपने निर्णयों को लेकर अक्सर विवाद खड़े किये हैं, संदेह एवं शंकाएं पैदा की हैं।

गणतंत्र दिवस पर सजा लांजी नगर

# शासकीय अशासकीय कार्यालयों सहित सुभाष चौक में फहराया तिरंगा

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

**लांजी-** लांजी नगर में 74वाँ गणतंत्र दिवस आन बान शान के साथ मनाया गया, तहसील अन्तर्गत सभी शासकीय अशासकीय कार्यालयो में पूर्व संध्या से भवन गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगमगाये गये वंही नगर परिषद लांजी के द्वारा नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक को भी तिरंगे की रोशन से नहलाया गया था। वंही 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन बेहद ही धुम धाम से किया गया। लांजी नगर के सुभाष चौक में नप अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, गांधी चौक में पूर्व जिलापंचायत सभापति हीराचंद आसटकर एवं मुख्य समारोह स्थल वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडीयम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रेवेन्द्र खोंगल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया साथ ही इसी स्थल में एनसीसी गाईड स्काउट परेड सहित देश भक्ति गीतो पर मनमोहक प्रस्तुतियॉ भी स्कूली छात्र छात्राओ के द्वारा दी गई। शासन प्रशासन के द्वारा आयोजित मुख्य समारोह स्थल पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, नप अध्यक्ष श्रीमती पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे,




रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, नप उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, जिला एसडीएम ज्योति ठाकुर, सीईओ रंजित ताराम, सीएमओ राजीव लोचन कटारे, प्राचार्य पीके भीमटे, लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, जनपद पंचायत लांजी के सदस्य गण, नगर परिषद लांजी के पार्षद गण सहित सभी विभागो के विभाग प्रमुख एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात पुलिस बल के द्वारा सलामी दि गई साथ ही राष्ट्गान एवं तुरंत पश्चात मध्यप्रदेश गान गायन हुआ तदोपरांत उपस्थित समस्त अतिथियो के द्वारा शांति स्वरूप गुब्बारे हवा मे छोडे गये। अग्रिम कडी में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अर्चना खोंगल के द्वारा मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन किया व संदेश वाचन के पश्चात उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस कि शुभकामनाऐं दी। इसके बाद एनसीसी, स्काउट एवं गाईड के द्वारा सामुहिक परेड कर सलामी दि गई। उपस्थित अतिथियो द्वारा परेड का निरीक्षण कर परिचय प्राप्त किया। गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर मुख्य समारोह स्थल पर प्रतिवर्ष देश भक्ति गीतो से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुतियॉ स्थानीय विद्यालयो के द्वारा तैयार कर प्रस्तुतिकरण किया जाता है आयोजकों के द्वारा उक्त प्रस्तुतिकरण एक से बढ़कर एक हो इस हेतू प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है ताकि प्रत्येक छात्र छात्राऐ अपने तन मन के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत करे और होता भी ऐसा ही स्थानीय शासकीय अशासकीय विद्यालय के छात्र छात्राऐं मनमोहक प्रस्तुतियॉ तैयार कर प्रस्तुत करते है जिसे खुब सराहा जाता है। इस वर्ष दो वर्ग में प्रतियोगिताएं आयोजित थी जिमसे माध्यमिक वर्ग एवं हायरसेकेण्डरी वर्ग के द्वारा प्रस्तुती दी गई। आयोजित संपूर्ण समारोह का सफल मंच संचालन आनंद लटारे शासकीय कन्या स्कूल लांजी, सुभाष बसेना एवं सुश्री अभिलाषा मौर्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी के द्वारा किया गया ।

**माध्यमिक वर्ग में सनशाईन किड्स प्ले स्कूल प्रथम**–गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश भक्ति से संबधित थीम के अनुसार विद्यालयो को प्रस्तुतियॉ देनी थी जिसमे माध्यमिक वर्ग मे 4 विद्यालयो ने प्रतिभागीता की जिसमे सनशाईन प्ले स्कूल, राजभारती कान्वेंट स्कूल लांजी, रानी अवंती बाई विद्यालय लांजी, शासकीय कन्या शाला लांजी के द्वारा अपनी अपनी प्रस्तुतियाँ दी गई जिसमे निर्णायको के द्वारा प्रथम स्थान सनशाईन किड्स प्ले स्कूल लांजी, द्वितीय स्थान राजभारती कान्वेंट स्कूल लांजी, तृतीय स्थान रानी अवंती बाई स्कूल लांजी ने प्राप्त किया इन विद्यालयो को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो देकर पुरस्कृत किया गया।

**हायरसेकेण्डरी वर्ग में सरस्वती उच्चतर मा. विद्यालय अव्वल**– आयोजित समारोह स्थल पर दुसरा वर्ग था हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरीस्कूल जिसमें 6 विद्यालयो ने प्रतिभागिता की गई जिनमे सरस्वती उच्चतर मा. वि लांजी, शासकीय कन्य उमावि लांजी, सेन्ट्रल इंडिया एकेडमी स्कूल लांजी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी, साकेत पब्लिक स्कूल लांजी, शासकीय हाई स्कूल लांजी इन 6 मे सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 3 विद्यालयो को निर्णायको ने चूना है जिसमे प्रथम स्थान पर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, द्वितीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, तृतीय सेन्ट्रल इंडिया एकेडमी स्कूल लांजी इन सभी को उपस्थित अतिथियो के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए गए

पुष्प वर्षा के साथ निकली तिरंगा ध्वज यात्रा, नगर की गलियां राष्ट्रभक्ति मैं हुई सराबोर

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर द शार्पेज स्कूल के द्वारा एक हजार फुट लंबी तिरंगा ध्वज यात्रा निकाली गई

**मोनू बाथम संवाददाता दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** नगर की गलियां गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति में सराबोर होकर राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत नजर आई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर द शार्पेज हा0 से0 स्कूल गोहद द्वारा देश भक्ति एवं राष्ट प्रेम से ओत प्रोत एक हजार फुट लंबी तिरंगा ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में %द शार्पेज स्कूल% के छात्र छात्राओं एवं स्टाफ तथा शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। जिसका शुभाराम %द शार्पेज स्कूल% प्रांगण से गोहद एस. डी. एम. शुभम शर्मा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रात~ 10 बजे किया गया। इस यात्रा में सबसे पहले स्कूल बैंड, जिसके पीछे घो?ों पर सवार बच्चे, तिरंगा बग्गी, बग्गी के पीछे एक हजार फुट लम्बा तिरंगा ध्वज लिए द शार्पेज स्कूल के छात्र-छात्राएं तथा कन्या विद्यालय की छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ, नगर के विभिन्न मार्गो से लगभग 1500 सौ छात्र-छात्राएं तिरंगा ध्वज को हाथों में पकड़ कर चल रहे थे। ध्वज के पीछे डीजे साउण्ड पर राष्ट्रभक्ति के



गीत बज रहे थे। तिरंगा यात्रा स्कूल प्रांगण से गल्ला मण्डी तिराहा, गोलम्बर तिराहा, गंज बाजार, भानु की घटिया, पुराना बस स्टैंड होते हुए इटायली गेट पहुंची, जहाँ से नया बस स्टैंड, मौ रोड



होते हुए डॉक बंगला पर 12~30 बजे तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। इस तिरंगा यात्रा के समापन पर स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया एवं तिरंगा यात्रा का समापन कराया। इससे पहले नगर के प्रमुख मार्गो पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा रैली का नगर वासियों के द्वारा पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। एक हजार फिट की इस तिरंगा ध्वज यात्रा को देखने के लिए नगर के चौराहों पर गलियों में लोगों का हुजूम उमड़ रहा था डीजे पर बजने वाले राष्ट्रभक्ति के गीतों से नगर का वातावरण राष्ट भक्ति मय दिख रहा था। इस प्रकार की भव्य तिरंगा यात्रा नगर में पहली बार निकाली गई है जो लगभग पांच सौ मीटर लंबाई में चल रही थी। तिरंगा यात्रा के अन्त मे %द शार्पेज हा0 से0 स्कूल% के डायरेक्टर संजीव निगोतिया द्वारा सम्बोधित किया गया। इस दौरान विद्यालय की कोर्डिनेटर शैली गुप्ता, हेडमिस्ट्रेस साधना चक्रवती एवं प्राचार्या सोनाली गर्ग ने तिरंगा रैली को सफल बनाने में सहयोगी स्कूली स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस कार्यालय लांजी में एसडीओपी दुर्गेश आर्मो एवं टीआई दिनेश सोलंकी ने किया ध्वजारोहण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय लांजी एवं पुलिस थाना लांजी मे 74वॉ गणतंत्र दिवस हर्षोल्हास के साथ मनाया गया। लांजी थाना में थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय लांजी में एसडीओपी दुर्गेश आर्मो के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। श्री आर्मो ने समस्त पुलिस कर्मीयों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित करते हुये पुलिस जवानों से कहा की हमेशा कानून की रक्षा करें, पुलिस की सबसे अहम भूमिका होती है जिसे आप भली भांती जानते है अपने कर्तव्यो का निर्वहन आप सभी पूरी ईमानदारी के साथ करे। आपने उपस्थित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियो को गणतंत्र के अर्थ के साथ यह दिवस आज ही के दिन क्यो मनाया जाता है इस विषय पर भी प्रकाश डाला। अंत मे सभी को स्वल्पाहार करवाया गया तथा अगले कार्यक्रमो के लिये जहां जहां ड्यूटी लगाई गई है वंहा प्रस्थान के आदेश प्रदान किये।



## हैदराबाद स्थित - एल.बी नगर बंडलागुड़ा

**पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर- खंगारराम मुलेवा गुड़ा मोकमसिंह**

सीरवी समाज एल.बी नगर वेल्फेयर असोसिएशन बंडलागुड़ा प्लाट के प्रांगण में गणतंत्र दिवस आन बान शान से मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण प्रातः 9~30 बजे हुआ। ध्वजा रोहण कार्यक्रम में उपस्थित - बंडलागुड़ा एरिया के गणमान्य बंधुओ व सीरवी समाज एल बी नगर वेल्फेयर असोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद काग, सचिव प्रकाश सेपटा, उपाध्यक्ष । वेनाराम चोयल ,उपाध्यक्ष।। लक्ष्मण राम परिहार, कोषाध्यक्ष धन्नाराम देवड़ा , हरिलाल लचेटा,नेमाराम लचेटा,लालाराम सेपटा, सरुपराम पंवार, सजाराम पंवार मोहनलाल सैणचा, मुकेश पंवार, दोलाराम सोलंकी, कानाराम चोयल, सोहनलाल चोयल ,लकाराम भायल, लिखमाराम, पोकरराम रमेश एवम् समाज के गणमान्य सज्जन

जिले में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

# सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने किया मुख्य समारोह में ध्वजारोहण जिला स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का किया वाचन

**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2023 के जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड भिण्ड पर आज ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्गान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के साथ परेड की टुकडियों का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया।सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2023 के मुख्य समारोह में शांति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े। मुख्य समारोह में परेड की टुकडियों ने हर्ष फायर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया को परेड की टुकडियों में 17वीं वाहिनी एसएएफ, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड एवं सेन्टमाईकल स्कूल-बैण्ड दल की टुकडियों ने सलामी दी।परेड का नेतृत्व में परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्रीमती रजनी सिंह गुर्जर एवं द्वितीय कमान टूआईसी सूबेदार आदित्य मिश्रा ने संभाली। समारोह के मुख्य अतिथि एवं मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया का कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने परेड की टुकडियों के कमाण्डरों से परिचय कराया। मंत्री डॉ भदौरिया ने लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। डेयरी, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं यातायात पुलिस द्वारा मनोहारी एवं आकर्षक झांकियां निकाली गई।गणतंत्र दिवस के मुख्य




इसके साथ ही जिले के लोकतंत्र सेनानियों का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनके निवास पहुंचकर सम्मानित किया गया।मुख्य समारोह में जिला पंचायत, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान, आदिम जाति कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, किसान कल्याण, उद्यानिकी विभाग, नगर पालिका भिण्ड, महिला एवं बाल विकास, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, पशुपालन एवं समारोह में मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह अन्तर्गत परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रथम जिला पुलिस बल पुरूष, द्वितीय जिला पुलिस बल महिला एवं तृतीय 17वीं वाहिनी एसएएफ को पुरूष्कार के रूप में शील्ड प्रदान की।सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने झांकियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर यातायात पुलिस भिण्ड को प्रथम, कृषि विभाग को द्वितीय एवं शिक्षा एवं सर्व शिक्षा को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरूष्कार प्रदान किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.1 को प्रथम, श्री स्वामी विवेकानंद सुरपुरा को द्वितीय एवं विद्यावती विद्यालय को तृतीय पुरूष्कार प्रदान किये गये। इसीप्रकार उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी, पुलिस एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरूष्कृत किया गया।गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना भदौरिया,क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरोज बघेल,पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत सीईओ जेके जैन, अपर कलेक्टर जेपी सैयाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे, सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी, पत्रकार बन्धु, नगरीय निकाय एवं पंचायतों के पदाधिकारी, अधिकारी/कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राऐं और भारी संख्या में शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**विकास पुस्तिका का किया गया वितरण**–मुख्य समारोह में जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाशित पुस्तिका एवं जिला प्रशासन द्वारा भिण्ड जिले के ''विकास, जनकल्याण और सुराज के पथ पर आगे बढ़ते हम'' पर आधारित प्रकाशित कराई विकास पुस्तिका का उपस्थित जनप्रतिनिधियों/ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों को वितरण किया गया।

# ग्राम पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार किए जाने हेतु अधिकारी नियुक्त

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने जिले की ग्राम पंचायत के लिए वार्ड वार मतदाताओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2023 तैयार कराने संबंधी कार्य हेतु राजस्व अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(पंचायत) एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(पंचायत) नियुक्त किया है। जबकि संपूर्ण जिले के लिए अपील प्राधिकारी के रूप में अपर कलेक्टर रहेंगे।जिले की समस्त जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाली संपूर्ण ग्राम पंचायतों में म.प्र.पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 5 के उपबंधों के अधीन रहते हुए निर्धारित प्रपत्र में फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार किए जाने का प्रावधान है। म.प्र. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम-14 में नवीन संशोधन के बाद अब ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का वार्षिक पुनरीक्षण 2023 किया जाना है। आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार किए जाने के कार्य हेतु म.प्र.स्टेट इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम, भोपाल को राज्य स्तरीय एजेंसी(एसएलए) नियुक्त किया है।जनपद पंचायत शिवपुरी में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवपुरी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में तहसीलदार शिवपुरी, सहयोगी अधिकारी के रूप में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कोलारस, बदरवास, करैरा, नरवर, पिछोर, खनियांधाना एवं पोहरी में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में संबंधित तहसीलदार, सहयोगी अधिकारी के रूप में संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र में संबंधित जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली संपूर्ण ग्राम पंचायत रहेगी।

# शिवपुरी जिला कांग्रेस के शिवपुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता बने आदर्श सिंह परिहार



**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी जिले के कांग्रेस कमेटी के शिवपुरी ब्लॉक के प्रवक्ता पद पर आदर्श सिंह परिहार को नियुक्त किया गया है प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी के आदेशानुसार एवं पूर्व मंत्री एवं विधायक माननीय के.पी. सिंह जी एवं जिला प्रभारी माननीया श्रीमती रश्मि पवार शर्मा जी की अनुशंसा से आपको शिवपुरी शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिवपुरी में प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिव्हीटर एवं समस्त सूचना तंत्र से संबंधित कार्य के लिए प्रवक्ता पद पर नियुक्त किया जाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खडके जी एवं प्रदेशाध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी की भावनानुसार शहर ब्लॉक स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिये सक्रियता से कार्य करेंगे और पार्टी के समस्त कार्यों को सम्पादित करते हुये अपने सभी साथियों के कांग्रेस हित में कार्य करने हेतु प्रेरित करेंगे। प्रवक्ता पद पर नियुक्त होने पर आदर्श सिंह परिहार को जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी

# शासकीय महाविद्यालय दिनारा में गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी बड़ी धूमधाम से मनाया गया

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रियंका जी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर करैरा जनपद सदस्य श्री नीटू दुबे एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय दिनारा की शिक्षिका श्रीमती पचौरी मैडम उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण करके एवं माँ सरस्वती की वंदना कर उनको पुष्प अर्पित करके प्राचार्य द्वारा बच्चो को 26




किया गया। इस उपलक्ष्य पर जनवरी एवं बसंत पंचमी से संबंधित मुख्य बातें बताई गई। साथ ही नीटू महाराज एवं पचौरी मैडम ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की तरफ से विद्यार्थियों एवं स्टाफ को उनकी प्रतिभा एवं कार्य के लिए पुरुष्कार वितरण भी किया गया, अंत में सभी लोगों को मिष्ठान वितरित करने के उपरांत कार्यक्रम को समापन किया गया।

# ग्राम हरदीबाय में 8 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का किया जा रहा है आयोजन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद** -हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी ग्राम पंचायत जंगल धवलपुर के आश्रित ग्राम हरदीबाय (धवलपुर) के जंगल सफारी क्रिकेट स्टेडियम मे समस्त ग्राम वासियो के सहयोग से 8 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज उद्घाटन मैच मे मुख्य अतिथी युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत कुमार यादव राजीव गांधी युवा मितान क्लब अध्यक्ष मोहदा शिवचरण दीवान ग्राम झाखर पुजारी राधेलाल नेताम आयोजक समिति अध्यक्ष जीवन लाल नेताम सचिव तुलेश्वर नेताम कोषाध्यक्ष लीला राम यादव। ग्राम प्रमुख सुन्दर सिह अघन्ता भागसिह तुलेश्वर रामदेव बरनु योगेन्द्र डोमार दयाराम बीरबल विजय सुधराम बुधराम भुवनेश्वर रामेश्वर जागेश्वर चन्द्रशेर जीवन। विशिष्ट सदस्य लोकेश ठाकुर जीवन लाल योगेन्द रैनसिह नरसिह। समिति सदस्य देवेंद्र तुलसिह कैलास कुशल रंजन गौकुमार पिलाराम पप्पु नरसिह तुलाराम ब्रिजलाल राजु देवा महेंद्र नर्भे खेम राज छोटू नेताम इस टूर्नामेंट मे क्षेत्र ब्लाक एव दुसरे जिला से 40 टीमे भाग ले रही है और उद्घाटन मैच भवानी क्रिकेट क्लब धवलपुर और युवा क्रिकेट क्लब टीमनपुर के मध्य खेला गया और बड़ी संख्या मे ग्रामवासियो क्षेत्रवासियो उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए




# धूम धाम से वन विभाग के कार्यालय में मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग-** 74 वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कार्यालय वनपरिक्षेत्र इन्दागांव(देवभोग) में ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न श्रीमान छबिलाल ध्रुव,वनपरिक्षेत्र अधिकारी महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया, एवम अधीनस्थ स्टॉफ द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दिया गया,इस अवसर पर श्री दिनेशचंद्र पात्र सहायक परिक्षेत्र अधिकारी,श्री श्याम सुंदर वांदिले सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गोहरापदर,श्री अश्वनीदास मुरचूलिया सहायक परिक्षेत्र अधिकारी देवभोग,श्री बिम्बाधर यदु सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अमलिपदर, एवं अधीनस्थ समस्त फील्ड स्टॉ?, श्री राजूलाल यदु एवं समस्त कार्यालयीन स्टॉफ,वन परिवार देवभोग के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।



# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कांग्रेस घर घर पंहुचाएगी राहुल की चिठ्ठी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

कांग्रेस की देशभर में चल रही भारत जोड़ो यात्रा के बाद देवभोग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा शुरू किया। यात्रा तुवासमाल से होते हुए गोहरपदर पहुंची फिर दरलीपारा होते हुए लाटापारा तक पद यात्रा कि गई। इस यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक पत्र को घर-घर तक पहुंचाया गया। राहुल के पत्र में स्वर्णिम भारत का वादा किया गया है। इसमें महंगाई, रोजगार और उद्यमों पर जोर देने की बात कही जा रही है। पत्र में राहुल गांधी ने लिखा है कि मैं सड़क से लेकर संसद तक प्रतिदिन इन बुराइयों के खिलाफ लूंगा। मैं एक ऐसा भारत बनाने के लिए दृढसंकल्पित हूं जहां हर भारतीय के पास सामाजिक खुशहाली के साथ आर्थिक समृद्धि के समान अवसर हों। राहुल गांधी ने लिखा है कि कांग्रेस परिवार पिछले 137 वर्षों से भारत की प्रगति के लिए समर्पित है। कांग्रेस ने हर मुश्किल समय में भारत को जो?ने का काम किया है। आज फिर भारत एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है। कांग्रेस ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू किया है। आप इस अभियान का हिस्सा बनकर एक ऐसे स्वर्णिम भारत के निर्माण में हमारा साथ दें जहां हर भारतीय के पास सपने देखने और उसे पूरा करने के समान अवसर उपलब्ध हों।राहुल ने लिखा है कि वर्तमान स्थिति में देश गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। युवा बेरोजगार हैं और महंगाई आसमान छू रही है। किसान कर्ज के बोझ तले दबा है, सारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों के कब्जे में है, कुछ विभाजनकारी ताकतें हमारी विविधता की ताकत को हमारे खिलाफ इस्तेमाल कर रही हैं और एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक जाति को दूसरी जाति से, एक राज्य को दूसरे राज्य से ल?ाया जा रहा है। राहुल गांधी ने लिखा है, ये विभाजनकारी ताकतें जानती हैं कि दिलों में असुरक्षा और डर पैदा कर वे समाज में नफरत के बीज बो सकते हैं। इस यात्रा ने मुझे विश्वास दिया है कि नफरत की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं। यह ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती।



# 74 वा गणतंत्र दिवस के अवसर पर वीर शहीद सुखसिंह फरस जी का निवास प्रागंण ग्राम पंचायत मोहदा में ध्वजारोहण कर ली गई सलामी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



आज 74 वा गणतंत्र दिवस की शुभ अवसर पर वीर शहीद स्व, सुखसिंह फरस जी का निवास प्रागंण ग्राम पंचायत मोहदा तह,+ जिला गरियाबंद मे मुख्य अतिथी युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत कुमार यादव जी ने ध्वजारोहण कर सलामी ली और पुरे क्षेत्रवासियो को गणतंत्र दिवस एव बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई ढेर सारी शुभकामनाए दिए गणतंत्र दिवस की शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच ग्राम पंचायत मोहदा महेंद्र नागेश आदिवासी बिद्रानवागढ विधान सभा युवा प्रभाग अध्यक्ष हुमन नागेश युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष + पंच मोहदा नुतन मरकाम राजीव गांधी युवा मितान क्लब अध्यक्ष मोहदा शिव चरण दीवान शहीद जी का छोटा भाई तुका राम फरस पंच पंचराम दीवान सेवा राम फरस कुशा राम यादव भुवन दीवान देव सिह दीवान बिसाहु मरकाम यशवंत कपिल रोहित मरकाम सौरभ यादव महेंद्र यादव भानुमति यादव रुखमनी यादव कुलेश्वरी कपिल स्कुली बच्चो के साथ ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाए

# सरस्वती शिशु मंदिर उरमाल में मनाया गया गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी का कार्यक्रम

**संवाददाता हेमचंद नागेश कि रिपोर्ट**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड के सरस्वती शिशु मंदिर उरमाल में बड़े धूमधाम से गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष श्री प्रेमावतार खरे उपाध्यक्ष श्री राजकुमार अग्रवाल व्यवस्थापक श्री जसवंत गोयल संस्थापक सदस्य श्री मोहन गोयल सदस्य श्री अनिल अग्रवाल श्री राधे कुमार साहू एवं गांव के गणमान्य नागरिक तथा उपस्थिति अभिभावकों के द्वारा सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन अर्चन किया गया पूजन पश्चात माननीय अध्यक्ष श्री प्रेमावतार खरे के द्वारा झंडोत्तोलन का कार्यक्रम किया गया। झंडोत्तोलन पश्चात भैया बहनों का गीत भाषण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के द्वारा उद्बोधन में संविधान की आवश्यकता क्यों और इसकी क्या विशेषताएं हैं देश के नागरिक का संविधान के प्रति क्या कर्तव्य है इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।गीत भाषण के कार्यक्रम के पश्चात् विद्यालय में बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं यज्ञ हवन किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार पट्टी पूजन भी किया गया। सरस्वती माता की आरती के पश्चात प्रसाद एवं मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमाकांत बेहरा ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री टेकराम जी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्य आचार्य परिवार एवं भैया बहनों का सराहनीय सहयोग रहा।



# मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस






**अनिक कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**





शिवपुरी- शिवपुरी जिले में गौरवशाली गणतंत्र की 73वीं वर्षगांठ उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पोलो ग्राउंड पर आयोजित जिला स्तरीय गरिमामयी मुख्य समारोह में खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने राष्ट्रीयध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली।74 वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। मुख्य अतिथि ने शांति और खुशहाली के प्रतीक हरे, सफेद व केसरिया रंग के गुब्बारे आसमान में छो?। विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गई शासकीय योजनाओं पर केन्द्रित झाँकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

**निकला आकर्षक मार्चपास्ट**-संयुक्त परेड में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, 18वीं वाहिनी एसएएफ और वन विभाग, होमगार्ड, एनसीसी बालिका, एनसीसी वालक, शौर्य दल, स्काउट गाइड ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। मार्चपास्ट के पश्चात सभी टुक?ियों के परेड कमांडर्स से मुख्य अतिथि ने परिचय प्राप्त किया। इस मार्च पास्ट में सशस्त्र बल में एसएएफ सशस्त्र बल को प्रथम, मध्य प्रदेश पुलिस पुरुष को द्वितीय और मध्य प्रदेश पुलिस महिला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। परेड प्रदर्शन में निशस्त्र बल में प्रथम स्थान वन विभाग और द्वितीय स्थान एनसीसी बालक एवं तृतीय स्थान एनसीसी बालिका को मिला। जूनियर वर्ग में स्काउट गाइड जूनियर को प्रथम, एनसीसी जूनियर को द्वितीय, शौर्य दल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

**रंगारंग एवं देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में स्कूली बच्चों द्वारा मौजूद दर्शकों को देशभक्ति के जज्बे एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों से सराबोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय क्रमांक-1 की टीम को प्रथम पुरस्कार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 को द्वितीय पुरस्कार एवं शासकीय स्कूल फिजिकल कॉलोनी शिवपुरी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को शील्ड प्रदान की गयी।

**मनमोहक झाँकियाँ भी निकलीं**-समारोह में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर केन्द्रित विभिन्न विभागों द्वारा चलित झांकियां निकाली गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार आजीविका मिशन की झांकी को मिला। द्वितीय पुरस्कार नगर पालिका शिवपुरी और तृतीय पुरस्कार जिला पंचायत और कृषि उद्यानिकी की झांकी को संयुक्त रूप से मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान की।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिए प्रमाण-पत्र**-विभिन्न विभागों में कार्यरत शासकीय सेवकों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा सफाई कर्मी श्रीमती बबीता तो 40 ह?ार रुपये पुरुस्कार के रूप में दिये।

**बच्चों के साथ किया विशेष भोज**-कार्यक्रम के बाद मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया सिविल लाइन स्थित एकीकृत शाला में पहुंची जहां स्कूली छात्राओं के साथ सभी ने विशेष भोज किया।

# देश की सबसे स्लो ट्रेन,रफ़्तार है इतनी धीमी जानकर चौंक जाएंगे

**यूनेस्को ने नीलगिरि माउंटेन ट्रेन को विश्व धरोहर के रूप में 2005 में मान्यता दी और तभी से इन्हें भारत की पर्वतीय रेल के नाम से जाना जाता है। नीलगिरि माउंटेन ट्रेन सलेम मंडल के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसे नीलगिरि पैसेंजर भी कहा जाता है।**



क्या आप एक ऐसी ट्रेन के बारें में जानते है जिसमें सवार होने के लिए आपको कोई जल्दी नहीं करनी ट्रेन छूटने की कोई टेंशन नहीं लेनी, आराम से गपशप करते हुए सवार हो जाइए ट्रेन में। आज हम बात करने वाले है एक ऐसी ट्रेन की जिसकी रफ़्तार बहुत ही धीमी है वैसे तो दुनिया में सभी तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों की चर्चा करते है जो ट्रेन जितनी तेज स्पीड से चलती है उसकी उतनी ही ज्यादा चर्चा होती है अब तो बुलेट ट्रेन का जमाना आ गया है 100-110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार अब सामान्य बात है लेकिन यह ट्रेन एक घंटे में 10 किमी की दूरी तय करती है 46 किमी की दूरी तय करने में इस ट्रेन को चार घंटे से ज्यादा का समय लगता है। हम बात कर रहें है नीलगिरि माउंटेन ट्रेन की। यह ट्रेन भारत के तमिलनाडु में चलती है इसको मद्रास रेलवे के माध्यम से चलाया जाता है। यह सिंगल रेलवे ट्रैक है और मेट्टुपलयम शहर को उटकमंडलम शहर से जोड़ता है। सबसे खास बात यह कि इस 46 किलोमीटर की छोटी सी यात्रा में 16 टनल और 250 ब्रिज, 208 मोड़ पड़ते हैं। इस ट्रेन को 1908 में ब्रिटिश राज में बनाया गया था। आज भी यह ट्रेन भाप के इंजन से ही चलती है।

**विश्व धरोहर है यह ट्रेन**

यूनेस्को ने नीलगिरि माउंटेन ट्रेन को विश्व धरोहर के रूप में 2005 में मान्यता दी और तभी से इन्हें भारत की पर्वतीय रेल के नाम से जाना जाता है। नीलगिरि माउंटेन ट्रेन सलेम मंडल के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसे नीलगिरि पैसेंजर भी कहा जाता है। कुछ लोग नीलगिरि पर्वतीय ट्रेन के नाम से कन्फ्यूज हो जाते है क्योकि इस नाम से मिलते जुलते नाम की कुछ सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन है जैसे नीलगिरी एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस, यहाँ के स्थानीय लोग इसे ऊटी पैसेंजर के नाम से भी जानते है। लेकिन इस ट्रेन की सवारी बहुत लाजवाब होती है अन्य ट्रेन की तरह आपको इसमें सवार होने के लिए आपको दौड़ भाग नहीं करनी आप तो बस आराम से यहाँ मिलने वाली काफी का आनंद लेते हुए भी इस ट्रेन में सवार हो सकते है आप चाहें तो ट्रेन से उतरकर भी कॉफी आनंद लेने के बाद ट्रेन में सवार हो सकते है। इस छोटी सी यात्रा के दौरान बहुत ही खूबसूरत नजारे देखने को मिलते है जिनमे छोटी पहाड़ियाँ, हरियाली, छोटे-छोटे ब्रिज और रोमांचकारी टनल शामिल है।

**कहां से लें टिकट**

नीलगिरी माउन्टेन ट्रेन मे टिकट ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से ले सकते है लेकिन अगर आप वीकेंड मे इस ट्रेन की सवारी का मजा लेना चाहते है तो आपको टिकट पहले ही बुक करनी होगी क्योंकि यहाँ टूरिस्ट की बहुत ज्यादा भीड़ होती है।

# फिजूलखर्ची की वजह से हो रहे हैं झगड़ें? इन टिप्स की मदद से पार्टनर के साथ मिलकर आसानी से कर पाएंगे बचत

पति-पत्नी या फिर गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड, दोनों ही रिश्तों में पैसो को लेकर कपल के बीच समझदारी होनी बहुत जरुरी चीज है। पैसो के मामले में हर व्यक्ति का अपना नजरिया होता है। कोई बचत करने पर विश्वास रखता है तो कोई पैसे आते ही उन्हें खर्च करने की सोचता है। पैसा, एक ऐसा जरुरी विषय है, जिसके बारे में कपल को एक-दूसरे से बात करनी चाहिए। हालाँकि, ज्यादातर कपल इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करते हैं और अगर कुछ करते भी हैं तो बातों पर अमल नहीं करते हैं। आमतौर पर पैसो की कमी से होने वाली परेशानियों के चलते कपल्स में आए दिन लड़ाई-झगडे होते रहते हैं। इन झगड़ों का रिश्ते पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इसलिए वक्त रहते पैसे के मुद्दे पर कपल को बात कर लेनी चाहिए और बचत को लेकर अपना एक प्लान तैयार कर लेना चाहिए। ऐसा करने से भविष्य में पैसो की कमी नहीं होगी और अगर होती भी है तो इस वजह से लड़ाई-झगडे नहीं होंगे। आज हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से कपल को अपने खर्चों को कंट्रोल करके बचत करने में मदद मिलेगी। पार्टनर के साथ मिलकर बनाए बजट- पार्टनर और अपने फिजूल के खर्चो को नियंत्रित करना चाहते हैं तो साथ में मिलकर घर के बजट का प्लान तैयार करें। ऐसा करने से आप दोनों को घर के खर्च और बचत का अंदाजा लग जायेगा। इसके साथ ही दोनों को एक-दूसरे के जरुरी और फिजूल के खर्चो के बारे में भी पता चलेगा। प्लान के मुताबिक चलेंगे तो आप दोनों पैसे खर्च करने से पहले सोचना शुरू कर देंगे और फिर धीरे-धीरे पैसो की बबार्दी बंद हो जाएगी। शॉपिंग



करने से पहले लिस्ट बनाना जरुरी- बचत करने की सोच रहे हैं तो शॉपिंग पर जाने से पहले सामान की लिस्ट जरूर बना लें। ऐसा करने से आपको शॉपिंग के बजट का अंदाजा रहेगा और फिजूलखर्ची से बचने में मदद मिलेगी। इसके अलावा जरुरी चीजों के अलावा कुछ और खरीदने से भी खुद को रोकना भी जरुरी है। आमतौर पर लोग शॉपिंग के दौरान कई बार गैर-जरुरी चीजें भी खरीद लाते हैं, जिसकी वजह से उनका बजट बिगड़ जाता है। खर्चे और बचत के लिए अलग से अकाउंट खोलें- अगर आप पार्टनर के साथ मिलकर बचत करने की सोच रहे हैं तो इसके लिए अलग से एक अकाउंट खोल सकते हैं। कपल को अपने खुद के अलग-अलग अकाउंट के अलावा साथ में एक अकाउंट भी खुलवा लेना चाहिए ताकि वह उसमें अपने बजट के हिसाब से बचत के पैसे डाल सकें। इससे आपको और आपके पार्टनर को एक-दूसरे के बजट और बचत के बारे में जानकारी रहेगी।

# गर्मागर्म सूप में स्वाद के साथ पोषण भी

सर्द मौसम में सूप न सिर्फ ठंड से बचाव के लिए कारगर है, बल्कि बहुत गुणकारी भी है। सूप पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है। जिस सब्जी या अन्य खाद्य पदार्थ का सूप बनता है, उसका पूरा सत्व सूप में होता है। सूप ताकत देता है। इम्युनिटी बढ़ाकर स्वास्थ्य का भी ख्याल रखता है। इन दिनों टमाटर, पत्तागोभी, स्वीट कॉर्न सूप के साथ-साथ कद्दू, मशरूम, कॉरिएंडर, बीन्स या साबुत दालों से बना सूप भी पी सकते हैं। जुकाम होने होने पर भी कालीमिर्च युक्त गर्मागर्म सूप पीने से जल्दी आराम आता है। सूप का सेवन कमजोरी दूर करने व प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत करने में मदद करता है। सूप बीमारियों में इसलिए भी पिया जाता है कि इससे पाचन तंत्र सुव्यवस्थित काम करने लगता है। अगर चीजें बेस्वाद लगने लगें तो सूप पिएं क्योंकि यह स्वाद बढ़ाने में मदद करता है। वहीं अगर आप कम कैलोरी लेना और वजन कम करना चाहते हैं, तो सूप से बेहतर और क्या है। आइये, जानते हैं तीन गुणकारी सूप की रेसिपी...

वेजिटेबल सूप

सामग्रीः ब्रोकली) एक कप, गाजर एक, पत्ता गोभी 1/2 पीस, अदरक 1 इंच- इन सबको बारीक काट लें।



शिमला मिर्च (लाल, पीली, हरी), लहसुन 10-12 पीस, स्वीट कार्न 1ध्2 कप, बारीक कटा हरा धनिया, हरा प्याज बारीक कटा 1/2कप, 1 लीटर पानी, तेज पत्ता 3, काली मिर्च 8-10, ऑलिव ऑयल छोटा चम्मच, अदरक और लहसुन एक-एक चम्मच (कटी हुई), हरी मिर्च 2-3, स्वीट कॉर्न 2 चम्मच, नमक स्वादानुसार, काली मिर्च पाउडर छोटा चम्मच, बटर एक चम्मच, कॉर्नफ्लोर एक चम्मच, चीनी चुटकी भर, हरा प्याज और धनिया बारीक कटा, सोया सॉस 1/2 छोटा चम्मच, एक छोटा चम्मच नींबू रस।

विधि- सबसे पहले हरा धनिया, हरे प्याज के पत्ते, पत्ता गोभी-गाजर के डंठल, बीन्स और शिमला मिर्च सभी के छोटे टुकड़े कर लें। अब गैस पर कड़ाही रखें। उसमें एक छोटा चम्मच ऑलिव ऑयल डालें। अब सभी सब्जियों की डंठल डाल दें। थोड़ा चला लें। अब इसमें कटा अदरक, लहसुन डाल कर 2 मिनट चला लें। इसमें 1.5 लीटर पानी डाल दें तेज पत्ता, काली मिर्च डाल कर उबाल आने दें व गैस धीमी कर लें। ढककर 8-10 मिनट उबाल आने दें। 10 मिनट बाद छान लें और वेजिटेबल स्टॉक तैयार है।

अब गैस पर कड़ाही रखें। ऑलिव ऑयल या बटर डालें। अदरक, लहसुन, हरी मिर्च डाल कर सभी सब्जियां डाल दें। गैस की आंच मीडियम ही रखें। थोड़ी देर चला लें। स्वीट कॉर्न, नमक स्वादानुसार और काली मिर्च पाउडर डाल कर चला लें। अब वेजिटेबल स्टॉक डाल दें। उबाल आने तक 2 मिनट पका लें। अब कॉर्नफ्लोर में पानी डाल कर घोल बना लें और धीरे धीरे सूप में डाल दें। उबाल आने दें। अब एक पिंच चीनी डालें और हरे प्याज के पत्ते, धनिये के पत्ते डालें। 1ध्2 छोटा चम्मच सोया सॉस डालें। गैस बंद कर दें व नींबू रस डाल सर्व करें।

स्वीट कॉर्न सूप

सामग्रीः गाजर एक बारीक कटी, स्वीट कॉर्न 1 कप, अदरक 1 इंच व लहसुन 1-2 कली तथा हरा प्याज 2 (तीनों बारीक कटे), बीन्स 50 ग्राम, नमक, चीनी 2 चम्मच, काली मिर्च पाउडर छोटा आधा चम्मच, कॉर्न फ्लोर एक चम्मच, विनेगर एक छोटा चम्मच, क्रीम 1-2 चम्मच।

विधिः सबसे पहले स्वीट कॉर्न में से आधा पीस कर पेस्ट बना लें, आधा अलग रख दें। अब कड़ाही में बटर डालें। अदरक-लहसुन डालकर चला लें। अब सभी सब्जियां गाजर, हरे प्याज का सफेद हिस्सा और बीन्स डाल कर 2-3 मिनट चला लें। एक लीटर पानी डालें। नमक स्वादानुसार, चीनी, काली मिर्च पाउडर, स्वीट कॉर्न का पेस्ट और स्वीट कॉर्न डाल दें और मिक्स करें। मद्धम आंच पर सूप में उबाल आने दें। अब कटोरी में कॉर्न फ्लोर डालें व ठंडा पानी डाल कर घोल बना लें और सूप में मिला लें। विनेगर डालें और उबाल आने के बाद क्रीम डाल कर सर्व करें।

लेमन सूप

सामग्रीः ऑलिव ऑयल 1.5 चम्मच लें। अदरक 1 चम्मच, लहसुन 1 चम्मच, प्याज 1/2 कप, दो चम्मच धनिया के डंठल, बीन्स ( कप, गाजर ( कप, पत्ता गोभी ( कप (अदरक से गोभी तक सभी बारीक कटे हुए), नमक स्वादानुसार, 2 गिलास पानी, काली मिर्च पाउडर )छोटा चम्मच, एक चम्मच कॉर्नफ्लोर, एक चम्मच नींबू रस, धनिया पत्ते बारीक कटे 1 चम्मच।

विधिः कड़ाही में ऑयल डाल उसमें अदरक, लहसुन और प्याज को हल्का फ्राई कर लें। अब धनिया की डंठल, बीन्स, गाजर और पत्ता गोभी डाल कर कुछ सेकंड तक चला लें। नमक स्वादानुसार डालें अब 2 गिलास पानी डालें। काली मिर्च पाउडर डालें और 5 मिनट तक उबाल आने दें। एक कटोरी में 1 चम्मच कॉर्नफ्लोर में 3 चम्मच पानी डाल कर घोल बनाएं और सूप में मिक्स कर लें। एक बड़ा चम्मच नींबू रस डाल दें और धनिया डाल सर्व करें।

# नन्ही सी जान की हो खास देखभाल

सर्दियों में शिशुओं की देखभाल करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। कमजोर इम्यूनिटी होने के कारण गिरता तापमान उन्हें ज्यादा प्रभावित करता है। देखरेख में जरा-सी लापरवाही उन्हें बीमार कर सकती है। लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखा जाये तो शिशु की सर्दियां आरामदायक और सुरक्षित निकल सकती हैं।

**रोजाना मसाज**

अगर शिशु 15-20 दिन का हो चुका है, तो सर्दियों में रोजाना बादाम, ऑलिव या सरसों के गुनगुने तेल से मसाज करनी चाहिए। मसाज शरीर में ब्लड सकुर्लेशन बढ़ाने व हड्डियों की मजबूती में सहायक है। मसाज दोपहर को तब करें, जब रूम-टैम्परेचर गर्म हो- वो चाहे धूप से हो या हीटर चलाकर मेंटेन किया हो। खिड़की-दरवाजे बंद कर लें। बच्चे के पूरे कपड़े एकसाथ न उतारें। पहले टांगों की मसाज करके कपड़े पहना दें, फिर ऊपरी भाग की मसाज करें। ऐसा करने से उसे ठंड नहीं लगेगी। मसाज के तुरंत बाद उसे नहलाएं या गर्म पानी में भिगोए तौलिये से स्पांज करें।

**कब और कैसे नहलाएं**

गर्भनाल गिरने तक नवजात को स्पांज ही करें क्योंकि जरा-सी असावधानी होने पर गर्भनाल टूट सकती है। ठंड ज्यादा हो, तो एक दिन छोड़कर नहलाएं, रोजाना स्पांज कर कपड़े जरूर बदलें। नहलाते समय रूम और बाथरूम-टैम्परेचर गर्म रखें। कमरे में भी टब रखकर नहला सकते हैं। ध्यान रखें कि गुनगुने पानी से 4-5 मिनट में फटाफट नहला दें। बाल सप्ताह में 2 बार धोएं। धोने से पहले गुनगुने ऑयल से मसाज करें जिससे सिर पर डेंड्रफ की परत ने जमे। नहलाने के बाद उसे तौलिये में लपेटें और पोंछ कर सुखा लें। बेबी-लोशन लगाकर शीघ्र कपड़े पहना दें।

**कपड़ों का ध्यान**

बच्चे के कपड़े मसाज करने से पहले ही निकाल कर रख लें। नहाने के बाद कपड़े ढूंढने लगें, तो उसे ठंड लग सकती है। यह भी ध्यान रखें कि अपने से एक-दो लेयर ज्यादा पहनाना ही काफी है। वुलन कपडों से पहले कॉटन अंडरगार्मेंट्स और टी-शर्ट पहनाएं। जुराबें जरूर पहनाएं ताकि बच्चा ठंड के असर से महफूज रहे।

**डायपर पहनाएं**

सर्दियों में लंगोट या अंडरवियर गीले पहनने से ठंड लगने या इन्फेक्शन की आशंका रहती है। बेहतर है कि बच्चे को डायपर पहनाएं और 3-4 घंटे के बाद जरूर बदलें। अगर बच्चा डायपर में मल-त्याग कर दे, तो उसे तुरंत उतार दें। मल गुनगुने पानी या गीली कॉटन से साफ कर लें। डायपर वाली जगह सूखने पर ही डायपर पहनाएं। पहनाने से पहले स्किन पर पाउडर के बजाय बेबी क्रीम, बादाम या सरसों का तेल जरूर लगाएं। इससे रैशेज से बचाव होता है। जबकि पाउडर उसके अंदर जाकर बाद में रोगों की वजह बन सकता है।

**त्वचा की नमी बनाए रखें**

बच्चे की त्वचा पर दिन में 2-3 बार और रात को सोने से पहले बेबी-लोशन जरूर लगाएं। होंठों पर हल्का-सा गर्म देसीघी लगाएं।

**इन्फेक्शन से बचाव**

बाहर से आये व्यक्ति के हाथ सेनिटाइज कराकर ही बच्चे के पास आने दें। घर में किसी को सर्दी-जुकाम है तो उससे उचित दूरी बनाकर रखें। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए 6 महीने के बच्चे को नहाने के बाद और रात को सोने से पहले शहद चटाएं। 8-9 महीने के बच्चे को मटर के दाने के बराबर गुड़ चूसने को दें। जुकाम हो, तो रात को सोने से पहले उसकी छाती, पीठ और पैर-तलवे पर बेबी रब या लहसुन-अजवायन मिलाकर बने सरसों के तेल से मसाज करें। नाक बंद हो तो सलाइन वॉटर ड्रॉप्स डालें और स्टीम दें। वहीं इन्फेक्शन, फ्लू से बचने को डॉक्टर की सलाह पर इनफ्लूएंजा वैक्सीन जरूर लगवाएं।

**बच्चे को गर्म रखें**

जरूरी है कि मां खुद भी ठंड से अपना बचाव करें क्योकि मां से बच्चे को ठंड लगने की संभावना रहती है। यथासंभव शिशु को अपने पास रखें और पास सुलाएं गर्म चादर बिछाएं या फिर गर्म पानी की बोतल रखकर गर्म करें। भारी कंबल न ओढ़ाएं वरना हिलने-डुलने पर कंबल उसके मुंह पर आ सकता है। हाथ-पैर ठंडे हों, तो थोड़ी देर हीटर चलाएं।

# गणतंत्र दिवसः मैनपुर नगर में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जनक ध्रुव ने झंडा फहराया और तिरंगे झंडे को दिया सलामी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा गणतंत्र दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हमर मैनपुर चौक में हजारों लोगों की उपस्थिति में ध्वजारोहण के बाद पूरा नगर भारत माता के जयघोष से गूंज उठारंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठजनों का साल श्रीफल प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानशहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा हजारों छात्र छात्राओं को बिस्किट, चॉकलेट और मिष्ठान का वितरण किया गयामैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पहली बार शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा गणतंत्र दिवस के 74 वीं वर्षगांठ पर आज गुरुवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन नगर के ह्रदय स्थल हमर मैनपुर चौक पर किया गया आदिवासी कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने झंडा फहराया और राष्ट्रगान का गायन किया गया। मौके पर नगर व क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी तथा हजारों की संख्या में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ध्वजारोहण के बाद भारत माता के गगनभेदी जयघोष से पूरा मैनपुर नगर गूंज उठा ,आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने हजारों लोगों की उपस्थिति में शांति के प्रतीक कबूतर एवं गुब्बारा आसमान में छोड़ा , झंडोत्तोलन के बाद आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने 74वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को प्रदत्त संविधान हमारे भारत वासियों की आकांक्षा एवं अपेक्षाओं की अनुगूंज हमें साफ सुनाई देती है। हमारे संविधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों की महक है। हमारा संविधान देश की एकता को मजबूत करने वाला संविधान है। हमारा संविधान, हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है।



**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण**-शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा मंच में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ ग्रामीणों को शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा हजारों छात्र-छात्राओं को बिस्किट चॉकलेट और मिष्ठान वितरण किया गया,इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, ब्लॉक महामंत्री गेंदु यादव, टीकम कपिल,नजीब बेग, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर, पूर्व महामंत्री गुलाम मेमन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन,जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, वरिष्ठ कांग्रेसी थानु पटेल, तुलाराम पटेल, रामसिंह नागेश, डोमार साहू, तनवीर ठाकुर, अशोक दुबे,हरिश्वर पटेल, गुंजेश कपिल, सहकारी समिति अध्यक्ष पुष्पा कपिल, उमंग ठाकुर,उत्तम पटेल,विनित बाघमार,पवन पटेल, जगदीश पटेल, बिट्टू गुप्ता, मुकुंद कुंजाम,खिलेन्द्र पटेल, नंदकिशोर पटेल, वरुण पटेल, त्रिभुवन पटेल, विरेन्द्र श्रीवास्तव , एच एन सिंह, संतोष मरकाम, शेख इमामूद्दिन,सीमा ठाकुर,कंचनबाला रामटेके, महेश बाम्बोडे,कमर यादव, कांति पटेल,दिलवर पटेल, देवेंद्र पटेल,धनेश्वर पटेल, दयाराम यादव,परमानंद पटेल,शरीफ रजा, इम्तियाज मेमन,शैलू कश्यप शेख अजहर,नेहाल नेताम, भूपेंद्र पटेल,एस एस सोम, दिनेश कमलेश, गोपी नेताम,बृज सोनवानी, महेंद्र साहू,लोकनाथ साहू, मनीष पटेल,शौरभ, प्रियंका कंपील सहित हजारों की संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग छात्र छात्राएं उपस्थित थे,

# कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लका अध्यक्ष आबिद ढेबर ने ढोल नगाड़ों और भव्य आतिशबाजी के साथ मंत्री शिव डहरिया का किया शाही स्वागत, चौक चौराहों पर लोगों का उमड़ा हुजूम

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद ज़िले में आज कैबिनेट मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया के शुभ आगमन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आबिद ढेबर एवं रितिक सिन्हा के नेतृत्व में सैकडो की संख्या में आए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मेंन रोड नाका चौक केन पास भव्य आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। साथ ही मंत्री शिव डहरिया ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अध्यक्ष आबिद ढेबर की कार्यालय में कार्यकर्तो के साथ मुलाक़ात का सिलसिला जारी रहा वही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका गजमाला से स्वागत किया,मंत्री शिव डहरिया ने सभी कार्यकर्ताओं का सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह क्षेत्र की समस्याओं को प्रदेश सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाती रहेंगी। इसके बाद उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ आगे के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की, और कहा सभी कार्यकर्ताओं का देर रात उनके स्वागत से मैं अभिभूत हूँ इतना अभूतपूर्व स्वागत समारोह कांग्रेस के उत्साह को दर्शाता है।कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ताओं का जोश और पार्टी के लिए समर्पण की भावना देखते बनता है सैकडो कांग्रेसी कार्यकर्ताओ का का एक साथ इतनी रात में एक साथ एक जगह इकट्ठा होना हमारी एकता का प्रतीक है, मंत्री डहरिया गरियाबंद ज़िले में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने आये थे।विकास के प्रयाय है मंत्री शिव डहरिया देर रात रात सैकडो कार्यकर्ताओं का उनके स्वागत को ले कर ग़ज़ब का उत्साह देखने को मिला- आबिद ढेबरमंत्री शिव डहरिया जी का आज नगर आगमन से एक बार फिर सभी कांग्रेस पार्टी के युवाओं में जोश ला दिया है श्री डाहरिया हमेशा से ही युवाओं के प्रेरणा श्रोत रहे है उनका ख़ास लगाव रहा है वे काम करने में विश्वास रखने वालों में से है उनके प्रोत्साहन से मेरे सभी युवा साथियों में एक ऊर्जा का संचार होता है उनकी कही गई हर बात सीखने वाली रहती है, उनसे मिलकर मुझे और मेरे साथ जुड़े सभी



कार्यकर्ताओं में एक ऊर्जा का संचार होता है, जन जन के नेता एवं प्रदेश के लोकप्रिय मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया को करीब पाकर कांग्रेसी कार्यकर्तओ में उत्साह देखते ही बन रहा था, माननीय मंत्री के लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है देर रात्रि को कपकपाती ठंड के बावजूद भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आतुर हो कर स्वागत किया ।

# केंद्र व प्रदेश सरकार हर वर्ग का ख्याल रखती है: गोविंद भैया

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री एवं मध्यप्रदेश युवा संगठन के संस्थापक गोविंद भैया परिहार ने भांडेर विधानसभा के ग्राम सरसई, धमना पराश्री, कामद लालुआ, सेरसा गुजर्रा आदि ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामवासियों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितेषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की7 इस अवसर पर उनके साथ उनाव मंडल के महामंत्री अनूप तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पंडा, मंडल महामंत्री चरण दास परिहार, पराश्री सरपंच भज्जू परिहार, सरपंच कुलदीप यादव, किसान मोर्चा के मंडल के महामंत्री महेंद्र चौहान, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जगत प्रसाद शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील उय्यिया, भाजपा नेत्री संघमित्रा अटल यादव, मातादीन कुशवाहा, मुकेश शर्मा, दिनेश अहिरवार, पदम जाटव आदि थे7 गोविंद भैया परिहार ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर के व्यक्ति को आगे लाना और हर घर हर वर्ग में खुशहाली हो यही भारतीय जनता पार्टी का सपना है7



# असाटी समाज द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सकल असाटी समाज द्वारा शुक्रवार को हजारों की संख्या में महिला पुरूषों के साथ गौर राधा रमण मंदिर से संस्कार भवन तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन शुरू हो गया है जहां असाटी समाज के संयोजक पदाधिकारी शेलेंद्र असाटी ने बताया कि श्री हरि की इच्छा से जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज पंडित श्री नर्मदा प्रसाद गर्ग पुजारी,श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुरैना तालाब के आशीर्वाद से भागवत प्रवक्ता किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के आशीर्वाद से प्रातः 10 बजे श्री गौर राधा रमण मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा शहर के प्रमुख चौराहों तिराहों से गुजरी इस शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ शोभा यात्रा शहर घगट चौराहा से लेकर घंटाघर,बकोली चौक पर अजित उपाध्याय, प्रेम निवास लॉज के सामने स्थानीय पार्षद पप्पू मलाई नितिन चौरसिया, असाटी धर्मपुरा परिवार और अन्य समाजों के लोगों द्वारा फूलों से स्वागत किया गया इस शोभा यात्रा में असाटी समाज और शहर के सभी समाजो के लोग शामिल हुए। कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा अमृत वर्षा शुरू कि कथा के प्रथम दिन किशोरी वैष्णवी गर्ग द्वारा अपने मुखारबिन्द से श्रीमद् भागवत महात्म्य के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कलयुग में मनुष्य अपने भावों को सत्संग के जरिए ही स्थिर रख सकता है सत्संग के बिना विवेक उत्पन्न नहीं हो सकता और बिना सौभाग्य के सत्संग सुलभ नहीं हो सकता।श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिनों तक श्रवण करने से मनुष्य के सात जन्मों के पाप धुल जाते हैं, मनुष्य अपने जीवन में सातों दिवस को किसी ने किसी देवता की पूजा अर्चना करता है लेकिन मानव जीवन में आठवां दिवस परिवार के लिए होता है किशोरी वैष्णवी गर्ग द्वारा जीवन में भजन, और भोजन में अंतर बताते हुए कहा कि भजन में कोई मात्रा नहीं होती,भजन करने से मानव का मन सीधा ही प्रभु से जुड़ जाता है.उसी प्रकार भोजन में मात्रा होती है, मनुष्य को भोजन को भजन एवं प्रसाद के रूप में ग्रहण करना चाहिए। किशोरी जी द्वारा कथा वाचन के दौरान कहा गया कि इस कलयुग में केवल भोलेनाथ ही शीघ्र भक्ति से प्रसन्न हो जाते हैं केवल 3 महीने भोलेनाथ की भक्ति करने से मनुष्य के सब कार्य सिद्ध हो जाते हैं प्रथम दिन की कथा के समापन से पूर्व आरती की गई। आरती करने के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राधा रमण मंदिर के पुजारी शिव दुबे, समाजसेवी गोविंद भायल राजपूत, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, मालती असाटी, भाजपा पंडित ब्रज गर्ग, सतीश तिवारी,वैश्य समाज अध्यक्ष पदम इटोरिया, जुगल अग्रवाल,प्रमोद विश्कर्मा, मोंटी रैकवार, श्याम दुबे, असाटी समाज के जिला अध्यक्ष आलोक असाटी,महिला अध्यक्ष श्रीमति शैलजा असाटी, अंजनी असाटी, युवा अध्यक्ष, महेश असाटी,सेलू असाटी ने सभी से कथा श्रवण करने की अपील की है।मुख्य यजमान श्रीमती राधारानी डालचंद असाटी जबलपुर नाका, श्रीमती मुन्नी खेमचंद्र असाटी जबलपुर नाका (गुंजी वाले रिटायर्ड शिक्षक), कुसुम विष्णु प्रसाद असाटी शोभा नगर, आशा स्वर्गीय नाथूराम नायक असाटी वार्ड 1, श्रीमती सरोज रमेश (सुंदरलाल) असाटी वार्ड 1, मधु स्वर्गीय मदन असाटी असाटी वार्ड नंबर 1, विद्या स्व. श्री राम प्रसाद असाटी असाटी वार्ड 1, सुनीता स्वर्गीय श्री पंचम लाल इंदिरा कॉलोनी, ममता रामेश्वर असाटी इमलाई, सुमन स्वर्गीय मदनलाल असाटी इमलाई, श्रीमती प्रभा स्वर्गीय माधव प्रसाद असाटी सहित समस्त धर्म प्रेमियों कि उपस्थिति रही।



# धूमधाम से मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कॉन्वेंट स्कूल में 74 वां गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण कर मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता एवं समाज सेवक कोमल अहिरवाल, विशिष्ट अतिथि सोसायटी प्रेसिडेंट मोहम्मद तैयब, बजरिया वार्ड नंबर 8 के पार्षद इकबाल खान, बजरिया वार्ड नंबर 4 के पार्षद गोपाल मास्टर, समाज सेवक धर्मेंद्र रोहित, शेख मन्नू रेलवे, प्रॉपर्टी डीलर फारुख खान, संतोष सेन, फारूक खान, प्रदीप अहिरवाल, यशवंत अहिरवाल, वीर सेन और बच्चों के समस्त अभिभावकों की उपस्थिति रही। गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल के बच्चों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी।जिसमें नृत्य, स्पीच, अंबेडकर पर स्पीच और देश प्रेम के गीत और मोबाइल फोन का दुरुपयोग, अशिक्षित और भ्रष्ट नेता जैसे विषय पर नाटक प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने अतिथि और अभिभावकों के मन को मोह लिया। उपरोक्त प्रस्तुतियां जो बच्चों के द्वारा की गई उनको प्रधानाध्यापिका नाजरा बानो, सहायक प्रधान अध्यापिका शायेमा खातून, मिडिल सेक्शन प्रभारी प्रगति खरे, शिक्षिकाए खुशबू चौधरी, न?रीन बानो, फरहत अंजुम, फरहद बानो, शाहीन बानो के द्वारा कई दिनों से स्कूल में बच्चों की प्रस्तुतियों का रिहर्सल कराया जा रहा था। अतः सदा खान और शाइस्ता बानो ने मंच का संचालन किया। अतिथियों द्वारा बच्चों को और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया और शिक्षा का महत्व समझाया। बच्चों को अंत में अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। सत्र 2021-22 में जिन बच्चों ने फाइनल परीक्षा में तीसरी कक्षा से नयन अहिरवाल 97 प्रतिशत चौथी से सादिया बानो 94 प्रतिशत, पांचवी से अम्बिका अहिरवाल 94 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतः जिन्होंने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए, उन्हें ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। अंत में स्कूल के डायरेक्टर इरफान खान ने सभी अतिथियों और अभिभावकों और शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया और अतिथियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# जबेरा विधायक ने किया विधायक कप का शुभारंभ

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**


**दमोह।**जबेरा विधानसभा में लगातार हो रहे खेलों के आयोजन के क्रम में जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कोट खमरिया एवं तेंदूखेड़ा में पहुंचकर विधायक कप का भारत माता की फोटो पर माल्यार्पण कर एवं राष्ट्रगान के पश्चात विधायक कप का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि लगातार हो रहे खेलो के क्षेत्र में युवाओं के अंदर एक नई ऊर्जा का प्रवाह होता है और खिलाडी अपने अच्छे प्रदर्शन से गांव समाज और देश का नाम रोशन करते हैं इन्हीं शुभकामनाओं सहित विधायक ने कोट खमरिया में खेले जा रहे पतलोनी क्रिकेट टीम और दमोह क्रिकेट टीम एवं तेंदूखेड़ा में खेले जा रहे आर डी एक्स टीम तेंदूखेड़ा एवं चौरई क्रिकेट टीम को बधाई दी और कहा कि निरंतर आप अच्छा खेले और विजेता बने इस दौरान कोट खमरिया ग्राउंड पर तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष भारत सिंह लोधी, सरपंच पुष्पेन्द्र सींग, पूर्व सरपंच सुनील सिंह, जाहर सींग,अनिल जैन , बकील सिंह,खेत सिंह, ऋषि दीक्षित, प्रेम सिंह एवं तेंदूखेड़ा में पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री दशरथ सिंह, पूर्व सांसद चन्द्रभान सिंह नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश जैन,सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव,अनूप सिंह, तारादेही मंडल अध्यक्ष सचिन जैन, तारादेही सरपंच मुकेश व्या,चेतन जैन बबलू घोसी, इंद्राज सिंह सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों एवं ग्रामीणों कि उपस्थिति रही।



# मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाखा दमोह द्वारा एडीएम महोदय को सारा ऐप में तकनीकी समस्या तथा विसंगति को दूर करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ दमोह द्वारा जिला कलेक्टर में माध्यम से प्रमुख सचिव राजस्व विभाग एवं भू अभिलेख एवं बंदोवस्त ग्वालियर के मान ज्ञापन दिया गया। जिसमें वर्तमान में रबी गिरदावरी 2023 के लिए सारा एप्पस का नया वर्जन लांच किया गया है। जिसमें सेटलाइट इमेज से प्राप्त गिरदावरी का मौके पर जाकर सत्यापन किया जाना तय किया गया है। इस कार्य में अभी तक निम्न प्रमुख समस्या सामने आई है। कृपया समाधान करवाने का कष्ट करें। मौके पर रिक्त भूमि प्लाट में भी सेटेलाइट इमेज में फसल दिखाई गई है। मैटेलाइट से प्राप्त इमेज गिरदावरी में अधिकतर गेंहू, चना, राई सरसों ही दर्ज दिखाई दे रही, जबकि मौके पर अन्य सेटेलाईट इमेज से प्राप्त इमेज गिरदावरी को मौके पर सत्यापन के लिए प्राप्त नम्बर बिना किसी निर्धारित अनुपात फसल भी है। अर्थात किसी हल्के ग्राम में 70 प्रतिशत तक नम्बर पुनः सत्यापन के लिए आए है तो किसी ग्राम में मात्र 10 प्रतिशत नम्बर ही आए है। सत्यापन के लिए समय सीमा बहुत कम दी गयी है।, सत्यापन उपरांत पटवारी के मोबाइल से फसल अपलोड नहीं हो रही है।, प्राप्त इमेज में डूब क्षेत्र में भी फसल दिखाई गई है।, सारा एप्परा में तकनीकी विसंगतियों के कारण बार बार अपडेट के पश्चात भी गिरदावरी माड्यूल में फसल विसंगति काम नहीं होकर बार बार बाहर फेंक रहा है। इस प्रकार से विभिन्न प्रकार की विसंगतियों के साथ यह सत्यापन के लिए प्राप्त सारा एप्पस का यह वर्जन कार्य करने योग्य नहीं है। इस कारण से निवेदन है कि इन समस्याओं के समाधान होने तक प्रदेश के पटवारी द्वारा सेटेलाइट इमेज का मौके पर सत्यापन नही किया जा सकेगा। प्रदेश के पटवारियों द्वारा सारा एप्पस पर गिरदावरी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिसकी जांच पुनः स्वयं पटवारियों से कराई जाना, उचित व न्याय संगत नहीं होगा। ज्ञापन देने वालों में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष कुंजबिहारी दुबे मप्र पटवारी संघ दमोह, संजीव गोस्वामी, शरद श्रीवास्तव, विनोद सिंह लोधी, विक्रम सोनी, सुनील पटैल, अंकित अवस्थी, बृजेश विश्वकर्मा, तिलक राज यादव ब?ी संख्या में पटवारी संघ के लोगों की उपस्थिति रही।


मध्यप्रदेश पटवारी संघ



# आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने द्वारा ध्वजारोहण किया

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** नगर के कचौरा शॉपिंग सेन्टर में आम आदमी पार्टी के द्वारा राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस बडे ही धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील राय, विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र खटीक, जिला मीडिया प्रभारी नरेन्द्र अठया, सोशल मीडिया प्रभारी शिवम सोनी, डॉक्टर सगीर मंसूरी, जनाब नजरूद्दीन खान, उमर मंसूरी, वीरेन्द्र रैकवार, ब्रजेश चौबे, बाकी खान, शंकर भैया, बिन्दु भैया, जाने खां, धर्मेन्द्र खटीक, हरेन्द्र पटैल, असगर मंसूरी, बाली भैया, जिला कार्यकारणी व सभी सदस्यों के साथ साथ आम जनता की बड़ी ही संख्या में उपस्थिति रही।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478